हरिभूमि
# रायपुर भूमि












- 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में लापरवाही एवं अव्यवस्था का आलम
- बस्तर सहित सभी शिक्षा संभाग से पहुंचे हैं विद्यार्थी

## ये कैसा खेल... तड़के पहुंचे स्कूली खिलाड़ी भटकते रहे नित्य क्रिया के लिए, जिम्मेदार जागे तब खुला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार दिवसीय राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार से होगी। 27 से 30 सितंबर तक चलने वाली इस खेल स्पर्धा की मेजबानी राजधानी रायपुर कर रहा है, लेकिन स्पर्धा में हिस्सा लेने दूसरे संभागों से आए खिलाड़ी छात्रों को यहां की ▶▶|शेष पेज 11 पर



### छात्राएं अधिक परेशान

प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए बालक व बालिका दोनों ही वर्ग की टीमें पहुंची हुई हैं। सर्वाधिक दिक्कत छात्राओं को हुई। एक छात्रा ने कहा, सफर के दौरान भी प्रसाधान इस्तेमाल करने के लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सुबह ही परेशानी

शाम तक व्यवस्थाएं सुधार ली गई हैं। केवल सुबह ही परेशानी हुई थी। फिलहाल अन्य कोई दिक्कत नहीं है।

-रविंद्र पटनायक, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, बस्तर संभाग

---

**नवरात्रि विशेष**



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई।

---

**कार्रवाई**

**गिरफ्तार नक्सली दंपति के कब्जे से पुलिस ने दस तोला सोने के बिस्किट एक लाख रुपए से ज्यादा कैश जब्त किया**

# शहरी नेटवर्क खड़ा करने के पहले दबोचे गए नक्सली दंपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रसद, दवाई का इंतजाम करने के साथ बड़े कैडर के नक्सली नेताओं की उपचार की व्यवस्था करने की थी जिम्मेदारी

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की टीम ने जिस नक्सली दंपति को मंगलवार को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा राजधानी सहित कई शहरों में नक्सलियों के शहरी नेटवर्क खड़े करने की जिम्मेदारी दी गई थी। नक्सली दंपति के कब्जे से पुलिस ने 10 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के बिस्किट के साथ एक लाख रुपए कैश जब्त किया है। सूत्रों के मुताबिक एसआईए ने जिस नक्सली दंपति को गिरफ्तार किया है, वो दरभा डिवीजन के डीसीएम मेंबर थे। सूत्रों के मुताबिक दोनों इनामी नक्सली थे। पुरुष आठ तथा महिला पांच लाख रुपए की इनामी नक्सली थी। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ डीडी नगर थाने में धारा ▶▶|शेष पेज 11 पर







### रसद इंतजाम करने से लेकर कई जिम्मेदारी

पूछताछ में नक्सली दंपति ने पुलिस को बताया है कि उन्हें रायपुर में शहरी नेटवर्क खड़ा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा नक्सलियों के लिए रसद, दवाई की व्यवस्था कर भेजने की जिम्मेदारी दंपति पर थी। साथ ही बड़े कैडर के नक्सलियों के लिए राजधानी में उपचार कराए जाने की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नक्सली दंपति की थी।

### मजदूर की तरह रह रहे थे

गिरफ्तार नक्सली जिस मकान में किराए पर रहते थे, उसके पड़ोस में रहने वाली एक महिला हेमलता देवांगन ने हरिभूमि को बताया कि जिस दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनका रहन सहन मजदूरों जैसा था। दोनों पति-पत्नी किसी से बात नहीं करते थे। सुबह साढ़े सात से आठ बजे के करीब मजदूरी करने जाने की बात कह कर निकल जाते थे। देर शाम साढ़े सात बजे के करीब आते थे। उसके बाद दोनों पति-पत्नी दरवाजा बंद कर सो जाते थे।

### किनकी मदद से पहुंचे पुलिस जानकारी जुटा रही

नक्सली दंपति रायपुर में किनकी मदद से पहुंचे। उनके रहने के लिए किसने इंतजाम किया, एसआईए की टीम उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जग्गू ने अपनी पत्नी के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनाकर मकान किराए पर लिया था। जग्गू ने अपनी पत्नी के नाम से कहां और कैसे फर्जी आधार कार्ड बनवाया, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। साथ ही जग्गू की रायपुर में किन-किन लोगों के साथ मेल मुलाकात थी, पुलिस इस बारे में जानकारी जुटा रही है।

### इंटर सेप्टर कॉल से ट्रेस हुए नक्सली

सूत्रों के मुताबिक एसआईए ने जिस नक्सली दंपति को गिरफ्तार किया है, उनकी निगरानी की जा रही थी। इस दौरान नक्सली दंपति सुरक्षाबलों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। इस दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सली दंपति के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान उनके मैदानी क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी जुटाई गई। मोबाइल का लोकेशन रायपुर होना पाया गया। लोकेशन रायपुर होने की जानकारी मिलने पर एसआईए ने नंबर ट्रेस कर दंपति को ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

---

# 30 घंटे में उधना से ब्रम्हपुर का सफर, रात 12.35 को रायपुर पहुंचेगी अमृत भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा के ब्रह्मपुर से गुजरात के उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की सूची में शामिल हो जाएगी। जोन से गुजरने वाली पहली अमृत भारत ट्रेन का स्टॉपेज रायपुर, दुर्ग व गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। इससे क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए सीधी और सुगम सुविधा उपलब्ध ▶▶|शेष पेज 11 पर



### 5 अक्टूबर से नियमित चलेगी अमृतभारत

इस गाड़ी का नियमित परिचालन 5 अक्टूबर 2025 से उधना से तथा 6 अक्टूबर 2025 से ब्रम्हपुर से प्रारंभ होगा । 19021 उधना–ब्रम्हपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को प्रातः 07.10 बजे उधना से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13.55 बजे ब्रम्हपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन पर आगमन रात्रि 21.40 बजे प्रस्थान 21.45 बजे, दुर्ग स्टेशन पर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### पहले दिन शुभारंभ, स्पेशल के रूप में चलेगी

शुभारंभ के अवसर पर इस गाड़ी का परिचालन स्पेशल समय-सारणी के अनुसार दोनों ओर से किया जाएगा। 09021 उधना–ब्रम्हपुर शुभारंभ स्पेशल एक्सप्रेस कल दिनांक 27 सितंबर 2025 को प्रातः 10.50 बजे उधना से रवाना होकर मध्य रात्रि 01.20 बजे गोंदिया, 03.33 बजे दुर्ग तथा 04.15 बजे रायपुर स्टेशन होते हुए अगले दिन सायं 17.35 बजे ब्रम्हपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार 09022 ब्रम्हपुर–उधना शुभारंभ स्पेशल एक्सप्रेस ▶▶|शेष पेज 11 पर



# नेट एसजीएसटी का नया नियम, प्रतिपूर्ति पाने के लिए लेना होगा अलग से जीएसटी नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रावधान के अनुरूप नेट राज्य वस्तु एवं सेवाकर (नेट एसजीएसटी) प्रतिपूर्ति के क्रियान्वयन के लिए नए नियम बनाए हैं और इन्हें लागू भी कर दिया है। अब नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए इकाई को पृथक जीएसटी पंजीयन प्राप्त करना होगा। इस जीएसटी नंबर से इकाई केवल राज्य में अंतिम उपभोग के लिए उपभोक्ता को विक्रय (बीटूसी) करेगी।

ये नियम छत्तीसगढ़ नेट राज्य वस्तु एवं एवं सेवाकर (नेट एसजीएसटी) प्रतिपूर्ति अनुदान नियम, 2024 कहा जाएगा। इन नियमों के अंतर्गत प्रतिपूर्ति की पात्रता एवं मात्रा नीति के अध्याय अब.स एवं द में नेट राज्य वस्तु एवं सेवाकर (नेट एसजीएसटी) प्रतिपूर्ति के उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार होगी। इसके अतिरिक्त नियम के तहत पात्रता, शर्तें भी रखी गई हैं।

### अलग से जीएसटी पंजीयन जरूरी

नए नियम में कहा गया है कि नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु इकाई को पृथक जीएसटी पंजीयन प्राप्त करना होगा। इस जीएसटी नंबर से इकाई केवल राज्यमें अंतिम उपभोग हेतु उपभोक्ता को विक्रय (बीटूसी) करेगी। अंतिम उपभोग हेतु उपभोक्ता को विक्रय पर भुगतान किया गया नेट एसजीएसटी (इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर से भुगतान) ही प्रतिपूर्ति हेतु मान्य होगी।

### प्रतिपूर्ति के लिए ये होंगे अपात्र

नियम के तहत यदि एक विनिर्माण इकाई का अंतिम उत्पाद दूसरी इकाई का कच्चा माल है तो यह विक्रय प्रतिपूर्ति हेतु पात्र नहीं होगा। ऐसा कोई भी विक्रय जिस पर क्रेता द्वारा इन्पुट टैक्स क्रेडिट, क्लेम (दावा) किया जा सकेगा, प्रतिपूर्ति हेतु पात्र नहीं होगा। जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित ब्याज, शास्ति एवं रिवर्स मैकेनिज्म के अंतर्गत भुगतान की गई राशि इत्यादि प्रतिपूर्ति हेतु पात्र नहीं होंगे। स्ववित्त पोषित उद्यमों को भी नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी।




### ये होगी प्रक्रिया

नीति के अंतर्गत उत्पादन प्रमाण पत्र,उत्पादन निरंत्रता प्रमाण पत्र धारित इकाइयों को शपथ पत्र, देना होगा। इसके साथ ही उपायुक्त, राज्य कर द्वारा जारी प्रमाण पत्र, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। औद्योगिक इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के उपरांत प्रतिपूर्ति संबंधी आवेदन वाणिज्यिक उत्पादन, सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के प्रथम दिनांक के बाद छः माही आधार पर उद्योग संचालनालय में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारंभ में प्रस्तुत किया गया प्रथम नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति क्लेम (दावा) वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक या नियम जारी होने के दिनांक, जो पश्चातवर्ती हो, की तिथि को चल रहे वित्तीय वर्ष की अवधि में 30 सितम्बर तक अथवा 31 मार्च तक (जो पहले हो) प्रस्तुत किया जाएगा। पश्चातवर्ती छः माही क्लेम 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक की अवधि हेतु एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक की अवधि के होंगे।

### 60 दिन में कमियों को पूरा करना होगा

आवेदन प्राप्त होने के पश्चात प्रकरण अपूर्ण होने की स्थिति में, प्रकरण में कमियों को एक साथ बताते हुए आवेदन प्राप्ति दिनांक से 10 कार्य दिवस के भीतर कमी पूर्ति हेतु वापस किए जाएंगे। इकाई द्वारा 60 दिवसों की अवधि में कमियों की पूर्ति नहीं करने पर अपूर्ण प्रकरण स्वमेव निरस्त मान्य होगा।

### एक साल के भीतर करना होगा क्लेम दावा

प्रथम नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति हेतु क्लेम (दावा) पात्र औद्योगिक इकाईयों के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक या नियम जारी होने के दिनांक जो पश्चातवर्ती हो, से एक वर्ष के भीतर ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। आगामी क्लेम (दावा) केवल छः माही आधार पर अगले छः माह के भीतर ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी पर आज संतोष पांडेय की विशेष वार्ता

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय का आकाशवाणी द्वारा साक्षात्कार रिकॉर्ड किया गया है। इसका प्रसारण आकाशवाणी केंद्र रायपुर से शनिवार सुबह 9.00 बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ आकाशवाणी के सभी केंद्रों से एक साथ प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता सहायक निर्देशक (समाचार) विकल्प शुक्ला होंगे।

### युवा नशे की गिरफ्त में सरकार रोकने में विफल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। रायपुर के नया राजधानी और वीआईपी रोड जैसे इलाकों में शाम ढलते ही युवा नशे की गिरफ्त में साफ देखे जा सकते हैं। राजधानी के आउटर के कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुके हैं। कांग्रेस की सरकार थी तब वर्षों से चल रहे हुक्काबारों को बंद करवाया था, राज्य में सूखे नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया गया था। भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर नशे का कारोबार शुरू हो गया है।

## मान्य पाए गए शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण आदेश होंगे निरस्त

# संभाग कमिश्नर ने सुनवाई में पाया युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, 500 में 95 शिक्षकों के आवेदन मान्य पाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने युक्तियुक्तकरण में चयन समितियों के विरुद्ध लगाए गए आवेदनों की सुनवाई करने के बाद कहा कि युक्तियुक्तकरण के दौरान कई शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ था तथा नियम के विरुद्ध उनकी पदस्थापना कर दी गई है। संभाग आयुक्त कार्यालय में रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद एवं बलौदाबाजार जिलों से कुल 500 शिक्षकों ने युक्तियुक्तिकरण में जिला चयन समिति के विरुद्ध आवेदन किए थे। इन सभी आवेदनों पर कमिश्नर ने सुनवाई की थी। इसके लिए शिक्षकों को भी सुनवाई में बुलाया गया था। इस सुनवाई के बाद कमिश्नर ने 96 आवेदनों को मान्य कर उनकी शिकायत का निराकरण किया है, वहीं 356 आवदेनों को अमान्य तथा शेष 48 शिक्षकों के आवेदन विचारधीन हैं।

नियमों के विरुद्ध चयन समितियों ने किया युक्तियुक्तकरण

संभाग कमिश्नर ने रायपुर संभाग अंतर्गत सभी जिलों से युक्तियुक्तकरण में जिला चयन समितियों के विरुद्ध दावा-आपत्तियां करने वाले शिक्षकों से आवेदन मंगाए थे। इसके तहत रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी एवं बलौदाबाजार से थोक में शिक्षकों ने आवेदन लगाए गए थे। इन सभी आवेदनों पर संभाग कमिश्नर ने बारी-बारी से सभी जिलों की सुनवाई करने के लिए अलग-अलग तारीख निर्धारित की थी। इन तारीख के दिन जिलेवार शिक्षकों को सुनवाई में बुलाकर उनकी बातें सुनीं। इस सुनवाई में शामिल होने वाले ज्यादातर शिक्षकों ने यही आरोप लगाए कि शासन ने युक्तियुक्तकरण के लिए जो नियम बनाए हैं, उन नियमों का जिला चयन समितियों ने ही पालन नहीं किया है। इन सुनवाई के दौरान संबंधित जिले की चयन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

### युक्तियुक्त काउंसिलिंग पर जमकर हंगामा, सूची रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में तीन स्थानों में काउंसिलिंग रखी गई। प्राथमिक शाला के 283 शिक्षकों की काउंसिलिंग पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में रखी गई। माध्यमिक कक्षा के 245 शिक्षकों की काउंसिलिंग मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुई। जबकि हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के 101 शिक्षकों की काउंसिलिंग रायपुरा स्थित शासकीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में रखी गई। राजधानी में केवल प्राथमिक शिक्षकों की काउंसिलिंग ही शांतिपूर्वक हुई। ▶▶शेष पेज 5 पर

■ आज फिर बुलाए गए शिक्षक



### गरियाबंद में सबसे ज्यादा नियम विरुद्ध युक्तियुक्तकरण

रायपुर संभाग अंतर्गत जिला चयन समिति के विरुद्ध सबसे ज्यादा 137 आवेदन रायपुर जिले से किए गए थे, लेकिन संभाग आयुक्त की सुनवाई में नियम विरुद्ध पदस्थापना गरियाबंद जिले में मिली। इस जिले से 41 शिक्षकों की नियम विरुद्ध पदस्थापना कर दी गई थी। इन सभी शिक्षकों को पुनः उनके पूर्व जगहों पर पदस्थ करने संबंधी निर्देश दिए हैं।

**जिलेवार मान्य-अमान्य एवं विचाराधीन आवेदन**

| | मान्य | अमान्य | विचाराधीन |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 16 | 137 | 22 |
| धमतरी | 26 | 52 | 3 |
| महासमुंद | 12 | 69 | 4 |
| गरियाबंद | 41 | 77 | 19 |
| बलौदाबाजार | 1 | 21 | 0 |

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद संभाग कमिश्नर ने की सुनवाई

युक्तियुक्तकरण के विरोध में थोक में शिक्षक हाईकोर्ट चले गए थे। शिक्षकों ने आरोप लगाया था कि युक्तियुक्तकरण नियमों के विरुद्ध किया गया है। इस पर हाईकोर्ट ने शासन को निर्देश दिए थे कि संभाग स्तर पर शिक्षकों की सुनवाई कर युक्तियुक्तकरण किया जाए। हाईकोर्ट के परिपालन में शासन ने संभाग कमिश्नर के माध्यम से दावा-आपत्तियां मंगाकर सुनवाई कराकर आवेदनों का निराकरण किया।

### जिला स्तर समिति की सुनवाई में पुरुष शिक्षकों को नहीं बुलाने की भी हुई गलती

संभाग कमिश्नर की सुनवाई में यह भी पाया गया कि युक्तियुक्तकरण के बाद जिला चयन समितियों ने सुनवाई के लिए सिर्फ महिला शिक्षकों को ही बुलाया और उनकी ही समस्याएं सुनी, जबकि पुरुष शिक्षकों को सुनवाई में बुलाया ही नहीं गया। कमिश्नर ने बताया कि चयन समिति की इस गलती से भी कई पुरुष शिक्षकों का नियम के तहत युक्तियुक्तकरण नहीं हो पाया। ऐसे शिक्षकों के आवेदनों को भी मान्य कर उनकी समस्या का निराकरण किया है।

### सुनवाई में गलती हुई

चयन समिति की सुनवाई में गलती हुई है, कई शिक्षकों की नियम के विरुद्ध भी पदस्थापनाएं हुई हैं। सुनवाई में 96 शिक्षकों के आवेदन मान्य पाए गए हैं, 48 आवेदनों पर विचार किया जा रहा है। 356 आवेदनों को अमान्य किया है। मान्य आवेदन वाले शिक्षकों को पुरानी जगहों पर पदस्थ किया जाएगा।

\- महादेव कावरे,
संभागायुक्त रायपुर

# आयुष्मान में इंपैनल्ड होने के आवेदन पेंडिंग, निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं कर पा रहे निजी अस्पताल

**डाक्टर एवं चिकित्सकीय स्टाफ की संख्या दिखाने में एचपीआर आईडी का रोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों का इलाज करने सौ से ज्यादा निजी अस्पतालों का इंतजार खत्म नहीं हो पा रहा है। आवेदन करने वाले ज्यादातर अस्पताल इंपैनल्ड सूची में शामिल होने तय मापदंडों का पूरा नहीं कर पा रहे हैं। योजना में डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त संख्या दिखाना होता है, जिसे वे पूरी नहीं कर पा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि योजना में इलाज के नाम पर होने वाली गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए स्टेट नोडल एजेंसी अस्पतालों की सख्त निगरानी कर रही है। इसके तहत डाक्टरों सहित अन्य स्टॉफ की मौजूदगी का पता लगाने एचपीआर आईडी की मदद ली जा रही है।

■ प्रदेश में सौ से ज्यादा छोटे-बड़े हास्पिटल कर रहे इलाज करने मान्यता का इंतजार

पहले कई अस्पताल मान्यता हासिल करने एक ही विशेषज्ञ डाक्टर अथवा सर्जन के नाम का उपयोग कर लेते थे। अब एचपीआर आईडी में डाक्टर को अपनी सेवा से संबंधित जानकारी दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इससे विभागीय स्तर पर यह पता चल जाता है कि कोई विशेषज्ञ कितने और कौन-कौन से अस्पताल में अपनी सेवा दे रहा है। इस प्रक्रिया की वजह से कई निजी अस्पताल फैकल्टी को लेकर तय मापदंड को पूरा नहीं कर पा रहे हैं और आयुष्मान योजना के लिए पंजीकृत होने की इच्छा पूरी नहीं कर पा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग के पास ऐसे सौ से अधिक निजी अस्पतालों के आवेदन पेंडिंग हैं, जो निशुल्क इलाज की योजना के लिए तय किए गए मापदंडों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग पिछले एक साल से इंपैनल्ड लिस्ट को बढ़ा नहीं रहा है।




### एक विशेषज्ञ 3 अस्पताल

सूत्रों के मुताबिक एक विशेषज्ञ डाक्टर अथवा सर्जन तीन से ज्यादा अस्पतालों में अपनी सेवा नहीं दे सकता। एचपीआर आईडी अनिवार्य किए जाने के पहले कई अस्पताल एक विशेषज्ञ के नाम का उपयोग कर लेते थे जो अब पूरा नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा अस्पतालों में 20 बेड के पीछे एक एमबीबीएस डाक्टर और 5 बेड के पीछे एक नर्सिंग स्टाफ का होना जरूरी है। पूर्व में मिली शिकायतों की वजह से इन बिंदुओं पर भी टीम गहन छानबीन कर रही है।

### सभी सरकारी और 599 निजी हास्पिटल

वर्तमान में राज्य में सभी सरकारी अस्पतालों के साथ 599 निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के उपचार के लिए पंजीकृत हैं। इन सूची में शामिल होने रायपुर समेत प्रदेश के कई बड़े और मध्यम अस्पतालों ने आवेदन किया है। शासकीय अस्पतालों में सीमित सुविधा होने की वजह से ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करवाते हैं। इसीलिए उनके निजी हास्पिटलों से बड़ी संख्या में क्लेम सामने आते हैं।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कामकाज की समीक्षा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल मुख्यालय में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने ली। इस दौरान मंडल के आयुक्त अवनीश कुमार शरण तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं संपदा अधिकारियों द्वारा विगत 6 माह में मण्डल के राशि रुपए 435 करोड़ की 2230 संपत्तियों के रिकार्ड बिक्री तथा उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में बधाई देते हुए सराहना की गई तथा शेष संपत्तियों का विक्रय दिसंबर-2025 तक करने निर्देश दिए। साथ ही इस बैठक में मुख्य रूप से मण्डल की आवासीय गतिविधियों एवं निर्माण के रिव्यू, रिफॉर्म तथा मण्डल की अविक्रित संपत्तियों के विक्रय की समीक्षा की गई।

अध्यक्ष श्री सिंह देव ने मण्डल की प्रमुख आवासीय योजनाओं में बेचिंग प्लांट का प्रावधान कर आरएमसी उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फील्ड में उप अभियंता एवं सहायक अभियंता की उपस्थिति अनिवार्य करते हुए, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी फील्ड अधिकारियों तथा उप अभियंता से अपर आयुक्त तक के अधिकारियों का उत्तर दायित्व निर्धारण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने भवन निर्माण एवं संबंधित निर्माण एजेंसियों को समयबद्धता के साथ भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मौली माता मंदिर एवं मदकू द्वीप धार्मिक यात्रा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि पर्व पूरे प्रदेश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर जन सेवा संघ रायपुर ग्रामीण द्वारा एक विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को मौली माता मंदिर सिंगारपुर तथा मदकू द्वीप का भ्रमण कराया जाएगा। रविवार 28 सितंबर को प्रातः दुर्गा मंदिर, गंगा नगर, भनपुरी से विधिवत यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा की अध्यक्ष एवं संयोजक सुमित्रा जितेंद्र साहू ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा पूर्णतः निशुल्क रहेगी तथा इसमें केवल वे ही श्रद्धालु सम्मिलित हो सकेंगे, जो नवरात्रि में उपवास रखते हैं और सच्चे श्रद्धाभाव से माता की आराधना करते हैं। जन सेवा संघ ने घोषणा की है कि इस यात्रा के लिए कुल 501 श्रद्धालुओं को स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। संगठन द्वारा उन्हें सुरक्षित एवं सुचारू यात्रा हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाएंगी। इस आयोजन का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसे दिवंगत शांताराम सर्राफजी की पुण्य स्मृति को समर्पित किया गया है।

# पीसीसी अध्यक्ष बैज बोले- प्रदेश में कांग्रेस संगठन का सृजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 2025 को कांग्रेस पार्टी ने संगठन का वर्ष घोषित किया है। 2025 में हम पूरे देश में कांग्रेस का संगठन निचले स्तर तक मजबूत करने के लिये काम कर रहे हैं। कांग्रेस संगठन सृजन का कार्य प्रदेश में भी शुरू है। हमारे मंडल अध्यक्ष और ब्लाक अध्यक्ष और जोन गठन की प्रक्रिया पूर्णता की ओर है। एआईसीसी ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए 17 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है।

श्री बैज ने कहा, पर्यवेक्षकों के साथ स्थानीय वरिष्ठ नेताओं को लगाया जाएगा। शीघ्र ही पर्यवेक्षक आएंगे तथा जिलो में संगठन सृजन का कार्य पूरा किया जाएगा। दिल्ली में पर्यवेक्षकों की मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, वेणुगोपाल, सचिन पायलट के साथ बैठक हो चुकी हैं। उनके जिलों का भी बटवारा भी किया जा चुका है।

### फसल नुकसान का मुआवजा दिया जाए

श्री बैज ने कहा, अतिवृष्टि के कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। जिस धान में बाली आ गई थी, वे धान भारी बारिश के कारण गिर गए हैं। हरहुना धान लगभग बरबाद हो चुका है। किसान की मेहनत इस आपदा के कारण बर्बाद हो गई है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार पूरे प्रदेश में बारिश से हुए नुकसान का आकलन करवा कर तत्काल फसल मुआवजा घोषित करे। श्री बैज ने कहा, यह सरकार का एन्टलीजेंस फेलियर है, नक्सली महीनों से राजधानी में रह रहे थे, पुलिस को कैसे पता नहीं चला।





# रसनी प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने ग्रामीणों को दिया न्योता भोज

## नवरात्रि पर अनूठे पहल की चर्चा जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अलग खबर

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रसनी ने नवरात्रि के अवसर पर एक अनोखी पहल की है। विद्यालय में ग्रामवासियों के साथ मिलकर नवरात्रि का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने ग्रामवासियों को पौष्टिक भोजन एवं मिष्ठान का स्वाद साझा किया। इस नवाचार की पहल विद्यालय के शिक्षकों ने की, जिसमें उन्होंने ग्रामवासियों को अपनी ओर से भोज दिया। इससे पहले तक गाँव वालों द्वारा शाला के बच्चों को न्योता भोज दिया जाता था, लेकिन इस बार विद्यालय ने अपनी ओर से ग्रामवासियों को आमंत्रित किया। यह पहल आपसी समझ और संपर्क को बढ़ावा देने के लिए की गई है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें नृत्य एवं वाद्य यंत्र तथा गीत की प्रस्तुति थी। बच्चों के गाने से ग्रामवासी बहुत खुश हुए और वे उन्हें अपनी ओर से स्वेच्छा से उपहार भी देते चले गए। इस कार्य में शाला परिवार के सभी सदस्यों ने पूरी तरह से सहयोग किया। प्रभारी प्रधान पाठक शीला गुरु गोस्वामी, गिरीश कुमार गिलहरे, नम्रता सोनी, कुमारी, थामेश्वर, पम्मी एवं रसोइया विमला यादव तथा खिलेश्वर साहू सभी ने पूरा-पूरा सहयोग किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा, /"आज हमें आत्मिक संतोष मिला जब हमने ग्रामवासियों को अपनी ओर से प्रसादी खिलाई।



### जन्मदिन में स्कूल में कराया न्योता भोज

**तिल्दा नेवरा।** जनरल नर्सिंग कॉलेज तिल्दा मिशन हास्पिटल की पूर्व प्राचार्य श्रीमती सुभाषनी गिडियन ने अपने जन्मदिन पर आरआरवि नेवरा क्रमांक 01, बांस टाल और हेमू कालाणी स्कूल में नेवता भोज कराया। नेवता भोज के पूर्व केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन, प्राचार्य डॉ. राजेश चंदानी, सौरभ जैन, समन्वयक विनोद वर्मा एसएमसी अध्यक्ष तिजन नौरंगे व सदस्य, स्कूल स्टाफ व छात्रों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने शाल व गिफ्ट देकर शुभकामनाएं दीं व आशीर्वाद लिया। श्रीमती एस गिडियन ने नेवता भोज कराने के साथ ही साथ बच्चों को बैठने के लिए दो बड़ी मैट दान में भी दिया। इस पुनीत कार्य के लिए शालेय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ व शाल देकर सम्मानित कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं गईं।

## खबर संक्षेप

### पं. दीनदयाल की जयंती चरौदा स्कूल में मनाई



**आरंग।** गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों व शिक्षकों ने उन्हें स्मरण करते हुए उनकी छायाचित्र में माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बच्चो को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी बताते हुए कहा पंडित उपाध्याय का जीवन अत्यंत ही संघर्षमय रहा। 3 वर्ष में पिता, 7 वर्ष में माता और 19 वर्ष तक नाना, भाई और पालन करने वाली मामी को खो दिया। फिर भी संघर्ष नहीं छोड़ा। अपितु अपने कर्तव्य पथ पर डटे रहे। आज भी उनका जीवन हम सबके लिए अत्यंत ही प्रासंगिक हैं। इस मौके पर संस्था प्रमुख के के परमाल, शिक्षक महेन्द्र पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### मनवा कुर्मी समाज की बैठक आज

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज का सामाजिक प्रकरण बैठक 27 सितम्बर को ग्राम मोहदा में सुबह 10 बजे से रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता राज प्रधान नीलमणी परगनिहा करेंगे। इस बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। उक्तासय की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने दी।

### लोककला स्वरधारा का मंचन कल होगा

**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी बाजार चौक में 28 सितम्बर दिन रविवार को रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच स्वरधारा विष्णु कश्यप तुलसीपुर राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ जागृति दुर्गा उत्सव समिति बस स्टेंड तरपोंगी द्वारा रखा गया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण सांसद व विधायक ने किया

# पं. दीनदयाल मानव सेवा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

■ दीनदयाल राजनीति को राष्ट्रसेवा का लक्ष्य मानकर चलते थे : अनुज

धरसींवा विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि दीनदयाल जी राजनीति को राष्ट्रसेवा का लक्ष्य मानकर चलते थे. उनका लक्ष्य मानव कल्याण से राष्ट्र कल्याण का था, जिसमें भेदभाव या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं था. राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों के प्रति उनकी निष्ठा अटल थी. वह भौतिक साधनों को मानव सुख का साधन मानते थे, साध्य नहीं. एकात्म मानववाद के दर्शन में वह शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास की बात करते थे, जो मानव को आत्मिक सुख प्रदान करता है। वही विधायक अनुज शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को नमन करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है और उनका मार्गदर्शन हमारे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करता है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल जी के बताए हुए एकात्म मानववाद और अंत्योदय के पथ पर चलते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए सतत कार्य कर रही है।




### पीएम के लोकल से वोकल से आएगी आत्मनिर्भरता

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में "लोकल से वोकल" का सपना देखना वास्तव में हमारे लिए खुशी की बात है। एकात्म मानववाद वह समग्र दर्शन है, जिसका व्यावहारिक लक्ष्य अंत्योदय है. वह मानते थे कि हमारी समस्त व्यवस्थाएं मानव-केंद्रित होनी चाहिए. उनका आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक दर्शन भारतीयता के मूल्यों से प्रेरित था. आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए उन्होंने विदेशी सहायता पर निर्भरता को राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए हानिकारक माना। दीनदयाल जी राजनीति को राष्ट्रसेवा का लक्ष्य मानकर चलते थे. उनका लक्ष्य मानव कल्याण से राष्ट्र कल्याण का था, जिसमें भेदभाव या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं था. राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों के प्रति उनकी निष्ठा अटल थी. वह भौतिक साधनों को मानव सुख का साधन मानते थे, साध्य नहीं. एकात्म मानववाद के दर्शन में वह शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास की बात करते थे, जो मानव को आत्मिक सुख प्रदान करता है। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, टिकेश्वर् मनहरे, सुनीता अनिल सोनी, सुमित सेन समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 25 हजार की अवैध शराब जब्त पांच कोचियों को जेल भेजा गया



**आरंग।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर व नगर पुलिस अधीक्षक माना रायपुर के मार्गदर्शन में आरंग पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की। लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने किराना दुकान, होटल, एग रोल सेंटर सहित ठेला व दुकानों में दबिश दी और बड़ी मात्रा में देशी मसाला शराब जब्त की। थाना प्रभारी आरंग राजेश सिंह के नेतृत्व में तीन विशेष टीम गठित कर की गई इस रेड में कुल 246 पौवा देशी मसाला शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24,600 रुपए है, जब्त की गई। कार्रवाई में पाँच आरोपियों को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत जेल भेजा गया, जबकि अन्य छह के खिलाफ 34(1)ब एवं 36(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी चंद्रशेखर घृतलहरे, मदन कुमार साहू, अनिल जलक्षत्री, मनोज लोधी एवं सतीश पाल को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेज दिया गया। दर्ज प्रकरण के अनुसार मदन कुमार साहू, मनोज लोधी, अनिल जलक्षत्री, चंद्रशेखर घृतलहरे और सतीश पाल के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर 176 पौवा शराब जब्त। रेखलाल मारकंडे, गैसराम मारकंडे, हमेंद्र टंडन, सत्यप्रकाश निषाद और नारायण लाल साहू पर धारा 34(1)ब के तहत कार्रवाई, 70 पौवा शराब जब्त। तोषण सोनवानी पर धारा 36(सी) के तहत अपराध दर्ज। पूरे अभियान में उपनिरीक्षक चेतन दुबे, सउनि छबिराम साहू, अनिल चन्द्रवंशी, सोनप्रसाद राजेत्री, प्रआर रामकुमार भारती, मुकेश टंडन सहित आरक्षक महेन्द्र बघेल, पुरोहित कोसले, चुड़ामनी साहू, नियाज खान, केजूराम पिस्दा, भानू वर्मा, दीप्ति साहू एवं सैनिक दुर्गेश चन्द्राकर की विशेष भूमिका रही।

## निधन

### लखन लाल लोधी

आरंग। ग्राम ख़मतराई निवासी लखन लाल लोधी (74) का बुधवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गोपीचंद, भानु, डोमन लोधी के पिता थे।

## पेज 9 के शेष...

### ये कैसा खेल...

व्यवस्था ने निराश किया। शनिवार से होने वाले मैच के लिए बस्तर संभाग सहित सभी टीम शुक्रवार तड़के ही पहुंच गई थी। उनके ठहरने की व्यवस्था टिकरापारा स्थित शहीद संजय यादव शासकीय विद्यालय और छत्तीसगढ़ नगर स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में की गई थी। बस्तर संभाग की टीम जब बताए गए स्थान पर पहुंची, तो यहां कोई भी मौजूद नहीं था। विद्यालयों के कक्ष अथवा प्रसाधान के दरवाजे नहीं खुले थे। शासकीय आयोजन संबंधित कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अथवा कर्मचारी इस दौरान उपस्थित नहीं रहा। ऐसे में तड़के ही पहुंच चुके विद्यार्थी यहां-वहां भटकते रहे। 300 किमी दूर से रातभर सफर कर आए विद्यार्थियों के पास ठहरने का कोई स्थान नहीं होने के कारण उन्होंने मैदान पर ही अपना सामान रख दिया। बारिश की आशंका को देखते हुए वे सुरक्षित स्थान ढूंढते रहे। सुबह का समय होने के कारण नित्य क्रिया के लिए भी उन्हें परेशान होना पड़ा। बस्तर शिक्षा संभाग से 122 खिलाड़ी छात्र रायपुर पहुंचे हैं। उनके साथ टीम प्रबंधन के सदस्य और कोच भी शामिल रहे। उन्हें भी समस्याओं से दो-चार होना पड़ा।

### छात्राएं अधिक...

लड़कियों को अधिक समस्या उठानी पड़ती है। रास्ते में हमें लगा कि रायपुर पहुंचकर राहत मिलेगी, लेकिन यहां आए तो स्थिति और अधिक खराब हो गई। एक अन्य छात्र ने कहा, राजधानी में ही इस तरह की अव्यवस्थाएं हैं, तो आप अनुमान लगाइए कि दूरस्थ क्षेत्रों में हम किस स्थितियों से गुजरते हैं। मैच से पहले ही इतनी तरह की समस्याएं आ जाती हैं कि प्रदर्शन निश्चित तौर पर प्रभावित होता है।

### शहरी नेटवर्क ...

147, 148, 61 तथा बीएनएस की धारा 17, 18, 19, 20, 38, 39, 40 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसआई ने मूलतः बीजापुर, गंगालूर निवासी जग्गू कुरसम उर्फ रवि उर्फ रमेश (28) तथा उसकी पत्नी कमला कुरसम को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक करीब दो माह पूर्व नक्सली दंपति चंगोराभाठा में हेमंत देवांगन के चाल में मकान किराया पर लेकर रह रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों को संगठन को मजबूत करने जिम्मेदारी दी गई थी। बस्तर में चलाए जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान को देखते हुए नक्सली सुरक्षित ठिकानों की तलाश में जंगल छोड़ मैदानी इलाके को अपना ठिकाना बना रहे हैं।

### 30 घंटे में उधना...

होगी। बता दें कि यह नयी ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी और पूर्वी, मध्य तथा पश्चिम भारत के कई महत्वपूर्ण जिलों और शहरों को जोड़ेगी।

**यह है ट्रेन का स्टॉपेज-** इस गाड़ी के वाणिज्यिक ठहराव बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, डोंडिचा, सिंधखेड़ा, अमलनेर, धारंगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, लक्ष्मण, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायरंगपुर, पार्वतीपुरम, बोबीली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड तथा पलासा स्टेशनों पर दिए गए हैं।

### 5 अक्टूबर से नियमित...

आगमन रात्रि 23.53 बजे प्रस्थान 23.58 बजे तथा रायपुर स्टेशन पर आगमन मध्य रात्रि 00.35 बजे प्रस्थान 00.45 बजे होते हुए गंतव्य को प्रस्थान करेगी । इसी प्रकार 19022 ब्रम्हपुर–उधना अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को रात्रि 23.45 बजे ब्रम्हपुर से प्रस्थान कर तीसरे दिन प्रातः 08.45 बजे उधना पहुंचेगी । यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर स्टेशन पर आगमन दोपहर 14.55 बजे प्रस्थान 15.05 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन 15.50 बजे प्रस्थान 15.55 बजे तथा गोंदिया स्टेशन पर आगमना 17.55 बजे प्रस्थान 18.00 बजे होते हुए गंतव्य को जाएगी ।

### पहले दिन शुभारंभ...

कल दिनांक 27 सितंबर 2025 को दोपहर 12.00 बजे ब्रम्हपुर से प्रस्थान कर रायपुर मध्य रात्रि 02.20 बजे, 03.15 बजे दुर्ग तथा 05.25 बजे गोंदिया स्टेशन होते हुए उसी दिन रात्रि 21.00 बजे उधना पहुंचेगी। पहले दिन यह गाड़ी शुभारंभ स्पेशल के रूप में चलेगी तथा तत्पश्चात अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार संचालित होगी।

# बिजली कटौती के खिलाफ कलेक्टर को सौपेंगा ज्ञापन



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा जनपद पंचायत 14 के जनपद सदस्य प्रकाश सगरवंशी द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देने स्वयं जा रहे हैं ,साइकिल से, वे ग्राम खपरी बंजारी से रायपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय की यात्रा ग्राम खपरी से गैतरा, सोनतरा रायखेड़ा की जनता को बिजली कटौती में हो रही समस्या का समाधान करने स्वयं अकेले ही निकल गए हैं।

जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गैतरा, रायखेडा भाटापारा, सोनतरा, खपरी में आए दिन बिजली कटौती की समस्या हो रही है, दिन में 10 से 15 बार बिजली कटौती और रात में 10 बार बिजली कटौती होता है, कभी-कभी तो दो से तीन घंटे तक बिजली नहीं रहती। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509128000023/310 विषय:-अ-20(3) मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-2025 रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे0)]**

**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार (1) श्री पीयूष गुप्ता, (2) श्रीमती नेहा आर्य, अनावेदक पक्षकार - 1. आई.डी.बी.आई. बैंक, रायपुर, 2. गर्वमेंट एम्प्लाईज को-ऑपरेटिव बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड,आनंद नगर रायपुर**

**// इस्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्री पीयूष गुप्ता, (2) श्रीमती नेहा आर्य, दोनों निवासी शेखर मेडिकल एजेंसी, विजय मार्ग, संगम चौक पास, अंबिकापुर, सरगुजा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया कि ग्राम तेलीबांधा स्थित खसरा नंबर-305/1, रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को श्रीमती आरती बनर्जी पति श्री विश्वनाथ बनर्जी ने दिनांक 31/08/1981 को पंजीकृत विलेय पत्र के माध्यम से गर्वमेंट एम्प्लाईज को-आपरेटिव बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, आनंद नगर रायपुर से क्रय किया था। श्रीमती आरती बनर्जी के पुत्र अरूप बनर्जी ने उनकी सहमति से उक्त भूमि को आई डी. बी.आई. बैंक, शाखा रायपुर में साम्य बंधक रखी थी। बंधककर्ता द्वारा बैंक से ली गयी ऋण की राशि का भुगतान नहीं किया, तब बंधकग्रहिता आई.डी. बी. आई. बैंक, शाखा रायपुर द्वारा विधिवत् सरफेसी एक्ट की धारा 13 (2) के तहत् राशि भुगतान करने हेतु नोटिस भेजा गया गया था। उक्त भूमि को बैंक द्वारा पूर्ण कब्जा (भौतिक आधिपत्य) प्रदान करने के संबंध में माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायपुर जिला रायपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया तथा उक्त प्रकरण में माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर ने दोनों पक्षों को सुनवाई करते हुये आदेश दिनांक 06/03/2024 पारित किया गया एवं आई.डी. बी.आई. बैंक शाखा रायपुर के पक्ष में भौतिक आधिपत्य प्राप्त करने हेतु आदेश पारित किया गया। बैंक ने बंधककर्ता से उक्त भूमि पर अपना भौतिक आधिपत्य प्राप्त करने के उपरांत नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ किया गया तथा आवेदक ने ई-नीलामी में भाग लेते हुये सबसे ऊँची बोली लगाते हुये भूमि की राशि 1,27,57,000 रुपए में क्रय किया। राशि का भुगतान करने के उपरांत (Rule 9 (6) of the security interest (Enforcement) Rule 2002 के तहत् Sele Certificate (For Immoveable Property) दिनांक 09/10/2024 को आवेदक पक्ष में जारी किया गया, जिसमें अधिकृत अधिकारी के रूप में आई.डी.बी.आई. बैंक, शाखा रायपुर के नै हस्ताक्षर किये थे। अतएव आवेदकगणों के द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस रायपुर के आदेश दिनांक 29/08/2025, सेल सर्टिफिकेट, न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस रायपुर छ.ग. का प्रमाण पत्र, मुख्य न्यायिम मजिस्ट्रेट रायपुर छ.ग. के आदेश की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 13/10/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

**ग्राम कन्हेरा, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. रायपुर-19-धनेली तहसील धरसीवा जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भारत एग्रो इंडस्ट्रीज, उरला, रायपुर द्वारा भागीदार दीपक माहेशवरी पिता श्री श्रवण कुमार माहेशवरी निवासी विला नं.- 180, सफायर ग्रीन सोसायटी विधान सभा रोड रायपुर छ.ग. वाले से भूमि क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया जो की उनकी इकरारशुदा भूमि है जिसके मूल भूमिस्वामी डॉ. सुशील जेठानी पिता डॉ. टी.पी. जेठानी निवासी– आर 137/328/डी/21ए, बिलासपुर रोड, पी.डी. जेठानी मेमोरियल हॉस्पिटल के उपर, खमतराई बाजार के पास, खमतराई रायपुर छ.ग. है जिनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 359/5 का रकबा 0.0280 हे., खसरा नंबर 359/11 का रकबा 0.0650 हे. कुल रकबा 0.0930 हे. याने 10010 वर्गफुट भूमि ग्राम कन्हेरा प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. रायपुर–19–धनेली, तहसील धरसीवा जिला रायपुर, छ.ग. में धारित की जाती है, को क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन करा लिया है, बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त भूमि के सौदे/विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक –
स्थान –रायपुर छ.ग.

**भवदीय**
**भरत खाखरिया/डी.पी. वर्मा (अधिवक्तागण) पता - राज टॉकिज के पास, मल्टिलेवल पार्किंग के पीछे, होटल लक्ष्य रायपुर छ.ग. मो. 9425202887**

---

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2225 दिनांक 16.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-जूनियर एम.आई.जी-11/262 को श्रीमती सुनीता सूद पति श्री विनेय सूद के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 18.07.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती सुनीता सूद पति श्री विनेय सूद, निवासीः- मकान नं. 758 राजेन्द्र नगर वार्ड 15, दंतेवाडा, बस्तर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती समसाद बानो पति श्री सिकन्दर खान, निवासीः- मकान क्रमांक 201, ब्लॉक नं. 45, सेक्टर-27 ई.डब्ल्यू.एस. कॉलोनी अटल नगर नवा रायपुर बीटीसी नवागांव-1 (नवागांव) पोस्ट ऑफिस राखी, रायपुर आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-जूनियर एम.आई.जी-I1/262 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-07 (मोवा) तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग.)**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 26.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अदिति विरदी पति स्व. श्री हरदीप सिंग वगै. निवासी सिविल लाइन रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम मोवा प.ह.नं. 45 राजस्व निरीक्षक मंडल मोवा रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 480/2 रकबा 0.7210 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर रा.प्र.क्र. ज्ञापन क्र. / वा. / तह. / अ-12 / वर्ष 2024-25 रायपुर ओदश दिनांक 29.08.2025 के परिपालन में दिनांक 08.10.2025 को 1:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 45 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक , रायपुर-07(मोवा)

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीगण श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता श्री राम निवास अग्रवाल निवासी- लाठोर हरिशंकर रोड बलांगीर (ओडिसा), नबीन कुमार अग्रवाल पिता श्री राम कुमार अग्रवाल निवासी-151 धरमगढ़ कालाहाण्डी (ओडिसा) एवं श्री मोहित कुमार सरावगी पिता श्री महेन्द्र कुमार सरावगी निवासी विला नं. ए-116 स्वर्णभूमि कचना आमासिवनी रायपुर (छ.ग) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 266/1 रकबा 0.132 हेक्टेयर एवं ख.नं. 267/2 रकबा 0.230 हेक्टेयर कुल रकबा 0.362 हेक्टेयर कृषि भूमि जो वाके मौजा टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18-कांदुल तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसको उपरोक्त भूमिस्वामीगण ने विकास अग्रवाल पिता श्री पवन अग्रवाल एवं भोमराज तिवारी पिता श्री आर.एस. तिवारी से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनांक 28.03.2023 उप पंजीयक कार्यालय नवा रायपुर अटल नगर में पुस्तक क्र. 1 ग्रंथ क्रमांक 469 पृष्ठ 244 से 280 विलेख क्रमांक 3918 देकर क्रय करते हुए पंजीयन कराया है। उक्त भूमि के उत्तर में - महाबीर सुराना की भूमि, दक्षिण में - डब्लू.बी.एम. रास्ता, पूर्व में - रामा गावसे की भूमि, पश्चिम में- ख.नं. 267 का भाग है, उक्त बैनामा में उल्लेखित संपत्ति को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण श्री मुकेश कुमार अग्रवाल, नबीन कुमार अग्रवाल एवं श्री मोहित कुमार सरावगी से खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम पेटे ब्याना राशि का भुगतान कर दिया। अब उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में कराया जाना शेष हैं।

अतः उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य, अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, गृह निर्माण समिति, सहकारी संस्थायें, वित्तीय संस्थाएं आदि को कोई उज्जर, आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर असल दस्तावेजों सहित अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा म्याद अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन, पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से अपने पक्ष में करा लेवेगा, जिससे म्याद अवधि बाद एवं बिना दस्तावेजों के की गई किसी प्रकार की आपत्ति अवैध एवं शुन्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक :-26.09.2025

भवदीय
**KK SHARMA & ASSOCIATES LLP**
**Address - Indrani Basant Street 03, Ram Manohar Lohiya Colony, Mowa Raipur (C.G) 492005. Contacts - 9165551111, 9424226037, 0771-3591349**

---

प्रो.क्र.- 1271/2025

**श्रीमान द्वादश जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**

**समंस**

प्रकरण क्रमांक - अपंजीकृत, प्रोसेस क्रमांक -
पेशी दिनांक- 17.10.2025
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर - अपीलार्थी
**विरूद्ध**
प्रहलाद कुमार सिन्हा एवं अन्य - उत्तरवादीगण
बनाम,

आम जनता जो कोई भी इस प्रकरण से संबंधित हो। अपीलार्थी शेख अब्दुल्ला ने आपके विरुद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.सं. 1908 संस्थित किया है। जिसकी इस न्यायालय मे पेशी तारीख 17.10.2025 नियत है। आपको इस न्यायालय मे पेशी तारीख 17.10.2025 को 11:00 बजे उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

**नोट-** यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 04 माह 09 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर
(दिग्विजय सिंह)
द्वादश जिला न्यायाधीश
रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक टण्डवा तहसील तिल्दा रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में सूचना**

दिनांक 26/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फिरन्ता पिता खेदू राम यदु द्वारा आवेदित ग्राम कुंदरू प.ह.नं. 12 राजस्व निरीक्षक मंडल टंडवा स्थित भूमि खसरा नंबर 247/1, 247/29 रकबा 0.790, 0.101 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार तिल्दा के आदेश दिनांक 16/09/25 के परिपालन में दिनांक 03/10/2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 12 के तिल्दा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर

---

**आम सूचना**

**वाके मौजा ग्राम जरौद प.ह.नं.31 रा.नि.मं.व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं. 608/2, 608/7, 608/8, 608/9 रकबा क्रमश 0.67 हे., 0.22 हे., 0.67 हे., 0.68 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 2.24 हे. कृषि भूमि बिक्री के संबंध में।**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1. भैययाराम पिता तिलकराम निषाद 2. दीपक कुमार 3. ललीत कुमार दोनो पिता भैययाराम निषाद निवासी फुण्डहर रायपुर वाले के एकल नाम से वाके मौजा ग्राम जरौद प.ह.नं. 31 तहसील आरंग जिला रायपुर छ. ग. में ख.नं.608/2, 608/7, 608/8, 608/9 रकबा क्रमश. 0.67 हे., 0.22 हे. 0.67 हे., 0.68 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 2.24 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में एकल नाम से दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा।

आरंग छ.ग.
सो सूचना जानें,
दिनांक 26/09/2025

के. के. गुप्ता अधिवक्ता
इंदिरा चौक आरंग
जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 94252.28796
मो.नं. 7974662256

HEALTH TOWN

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कमजोर हो रहे इंजीनियरिंग छात्र, सेहत सुधारने सीएसवीटीयू ने बनाया खेल कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि ने इस बार छात्रों के लिए विशेष खेल कैलेंडर तैयार किया है। यह खेल कैलेंडर विशेष रूप से इंजीनियरिंग छात्रों की खेल में घटती हुई सहभागिता को देखते हुए बनाया गया है। विवि प्रबंधन का मानना है कि इंजीनियरिंग छात्रों का रुझान खेलों में घटा है। इसके कारण उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव देखने को मिले हैं। अब तक विवि द्वारा जारी कैलेंडर में वर्षभर आयोजित किए जाने वाले खेलों का जिक्र होता था, किन तिथियों में इसका आयोजन होगा, इस संदर्भ में स्पष्ट टिप्पणियां नहीं होती थी। इस बार सभी खेलों के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं, ताकि विद्यार्थी इसके अनुसार अपनी तैयारियां कर सकें। इसके अलावा महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे अपने छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। विवि प्रबंधन के मुताबिक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां पूर्णतः सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित हैं। छात्रों के पाठ्यक्रम में प्रायोगिक, शोध व प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल हैं। इन सभी के साथ नियमानुसार छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है।



- पहली बार तिथियों के साथ शेड्यूल जारी, छात्रों को किया जाएगा अधिक संख्या में हिस्सा लेने प्रेरित
- अंतर महाविद्यालय व अंतर जोन प्रतियोगिता के स्थान पर अब एकीकृत राज्य स्तरीय खेल

## अखिल भारतीय विवि संघ कैलेंडर का पालन

विवि द्वारा पूर्व में पहले अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता आयोजित की जाती थी। इसमें विजेता टीम अंतर जोन प्रतियोगिता में हिस्सा लेती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। अंतर महाविद्यालय व अंतर जोन प्रतियोगिता के स्थान पर एकीकृत राज्य स्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विवि का कहना है, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के खेल कैलेंडर अनुसार प्रतियोगिताएं अक्टूबर माह से प्रारंभ हो रही हैं। इसमें विश्वविद्यालय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अंतर महाविद्यालय व अंतर जोन प्रतियोगिता आयोजित करने व विश्वविद्यालय टीम चयन कर खिलाड़ियों को आपस में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर में आयोजित करने पर्याप्त समय नहीं है। अतः इस अल्प-समय परिस्थिति में विश्वविद्यालय टीम के गठन एवं उनके प्रदर्शन में उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत राज्य स्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### बदली गई है व्यवस्था

इंजीनियरिंग छात्र अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धा में हिस्सा ले सकें, इसके लिए हमने व्यवस्थाएं बदली हैं। प्रतियोगिताओं के लिए तिथि निर्धारित है। चयन प्रक्रिया के चरण भी बदले गए हैं।

- के. भारद्वाज, क्रीड़ा अधिकारी, सीएसवीटीयू

## खबर संक्षेप



### टिकरापारा परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष बने महेंद्र

**रायपुर।** भामाशाह टिकरापारा परिक्षेत्र साहू संघ द्वारा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया, जिसमें महेंद्र साहू पूर्ण बहुमत से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस मौके पर उपाध्यक्ष नंद साहू, उपाध्यक्ष सावित्री साहू, संगठन सचिव वेद कुमार साहू और संगठन सचिव गायत्री साहू उपस्थित रहे। समाजजनों ने बताया कि यह जीत समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक है। सामाजिक बंधुओं ने विश्वास जताया कि नई टीम शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### प्रतिभावान बेटियों का नवसृजन मंच ने किया सम्मान



**रायपुर।** नवसृजन मंच नारी शक्ति सम्मान समारोह में बेटी जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान बेटियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव मनीषा सिंह, प्रीति सिंह सत्पथी, रश्मि चावरे तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभावान बेटियों का सम्मान पत्र भेंट किया एवं उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। राष्ट्रपति रोवर रेंजर अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर संधू का भी सम्मान किया गया।

### बाल आश्रम में नए कमरों के लिए भूमिपूजन आज

**रायपुर।** बाल आश्रम में तीन नए कमरों के निर्माण के लिए भूमिपूजन एवं डागा कॉलेज में सेमिनार हाल का लोकार्पण कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी होंगे एवं अध्यक्षता छग राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा एवं आर्किटेक्ट आरके गुप्ता करेंगे।

# मान्यता प्राप्त करने स्कूलों के लिए सालभर खुली रहेगी सीबीएसई की संबद्धता विंडो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- अब तक वर्ष में कुछ माह ही होते रहे हैं संबद्धता के लिए आवेदन

सीबीएसई ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन के लिए सारस संबद्धता विंडो को वर्षभर खुला रखने का निर्णय लिया है। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी स्कूलों को सुविधा मिलेगी। बोर्ड ने कहा- यह कदम एनईपी 2020 के अनुरूप नियामक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में है। शिक्षा निदेशालय ने भी इस अधिसूचना का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश जारी कर, इसका अनुपालन करने का अनुरोध किया है। अब तक सीबीएसई से मान्यता प्राप्त करने कुछ समय ही पोर्टल खोला जाता था। इस निर्धारित अवधि में आवेदन ना कर पाने वाले स्कूलों को वर्षभर मान्यता के लिए इंतजार करना पड़ता था। अब पूरे वर्ष मान्यता के लिए विंडो खुली रहने से नए स्कूल प्रारंभ करने में सहूलियत होगी तथा प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

## सभी तरह के स्कूलों के लिए

सरकारी स्कूलों को सारस मैनुअल 6.0 के दिशानिर्देशों और बोर्ड के संशोधनों का पालन करने की सलाह दी गई है। आवेदन की श्रेणियां में मध्यम वर्ग के पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक नई संबद्धता, अन्य बोर्डों से स्थानांतरण, उन्नयन, शाखा विद्यालय, संबद्धता विस्तार, बहाली, दो पालियों की अनुमति, अनुभाग वृद्धि, अतिरिक्त विषयों (जैसे विज्ञान) की शुरुआत, स्कूल बंद करना, भूमि सुधार, नाम परिवर्तन और परिसर स्थानांतरण जैसे विकल्प शामिल हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों को लाभ होगा। ऐसे में स्कूल प्रबंधनों से अपील की गई है कि वे आधिकारिक सारस पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करें।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामने रखी छात्रों की समस्याएं

# विवि प्रबंधन को विद्यार्थियों ने पढ़ाई 'एबीसीडी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अंकसूची में नैक की स्पेलिंग गलत लिखे जाने से नाराज छात्रों ने शुक्रवार को अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। छात्र यहां बारहखड़ी लेकर पहुंचे और प्रबंधन को एबीसीडी पढ़ाई। दरअसल, रविवि ने वितरित की गई अंकसूची में NAAC की जगह NACC प्रकाशित कर दिया है। गड़बड़ी सामने आने पर छात्रों से थोक में अंकसूची वापस मंगाई गई है। इसके कारण छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से नौकरी की तलाश कर रहे और अन्य संस्थानों में प्रवेश की राह देख रहे छात्रों को। एनएसयूआई के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने प्रतीकात्मक रूप से कुलपति और कुलसचिव का किरदार निभाया। अन्य छात्रों ने उन्हें बारहखड़ी पढ़ाई। छात्रों ने इस दौरान मांग करते हुए कहा, विवि प्रशासन इस गंभीर त्रुटि के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे और उन पर सख्त कार्रवाई करे। छात्रों की सभी अंकसूचियां निशुल्क सही कर वापस उपलब्ध कराई जाएं। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई उपाध्यक्ष पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, ओझ पांडे, मनीष बांधे, हिमांशु तांडी, आलोक खरे, दुर्गेश पटेल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।




## एक वर्ष बाद सामने आई गड़बड़ी

*छात्रों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, प्रदेश के सबसे बड़े और पुराने विश्वविद्यालय में इस प्रकार की गंभीर लापरवाही शर्मनाक है। हजारों छात्रों की अंकसूची में **NAAC** की जगह **NACC** छाप देना केवल एक त्रुटि नहीं, बल्कि प्रशासन की गैर-जिम्मेदारी और उदासीनता का प्रमाण है। सबसे चिंताजनक यह है कि इस गलती का पता विश्वविद्यालय को पूरे एक वर्ष बाद चला, जबकि छात्रों का भविष्य इसी दस्तावेज पर टिका होता है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्रुटि सुधार शुल्क 120 से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। यह निर्णय पूरी तरह से अन्यायपूर्ण और छात्र-विरोधी है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के छात्रों पर यह अतिरिक्त बोझ डालना किसी भी दृष्टिकोण से न्यायसंगत नहीं है।*

# पीआरए ग्रुप पर फायरिंग मामला विश्नोई गैंग के गुर्गे मयंक को गिरफ्तार कर रायपुर लाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मयंक के साथी अमन साव का झारखंड पुलिस ने मार्च में किया था इनकाउंटर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष जुलाई में पीआरए ग्रुप द्वारा फिरौती नहीं देने पर फायरिंग करवाने के मास्टर माइंड लारेंस विश्नोई गैंग के सदस्य मयंक सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर रायपुर लाने की तैयारी में जुट गई है। मयंक को झारखंड एटीएस अजरबैजान से प्रत्यार्पण कर लाई है। वर्तमान में वो झारखंड जेल में बंद है। मयंक तथा उसके साथियों के खिलाफ गंज थाने में भी अपराध दर्ज है। मयंक सिंह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय आपराधिक नेटवर्क का सरगना है। इसके तार छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली तक फैले हुए हैं। हत्या, लूट, हथियार तस्करी, ब्लैकमेलिंग और धमकी भरे काल कर रंगदारी वसूलने जैसे गंभीर आरोप उस पर दर्ज हैं। मयंक ने अमन साव की मदद से पीआरए ग्रुप से फिरौती की मांग की थी। फिरौती नहीं देने पर मयंक के कहने पर अमन ने शूटर की व्यवस्था कर तेलीबांधा में पीआरए ग्रुप के बाहर दहशत फैलाने फायरिंग कराई थी।

*अमन साव का इनकाउंटर : मयंक के साथी तथा उससे जुड़े कुख्यात अपराधी अमन साव को मार्च 2024 में झारखंड के हजारीबाग में पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। अमन का इनकाउंटर रायपुर जेल से झारखंड ले जाते समय किया गया था। पलामू के चैनपुर में अमन के गुर्गों ने पुलिस काफिले पर बम से हमला कर बदमाश अमन को भगाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उसे इनकाउंटर में ढेर किया था।*

### पूछताछ की जाएगी

तेलीबांधा और गंज थाना में मयंक सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज है। उससे पूछताछ की जाएगी। इसके लिए उसे जल्द ही रिमांड पर झारखंड से लाया जाएगा। - **संजय सिंह,** डीएसपी, क्राइम, रायपुर

## बिजनेस साइट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का वित्तीय समावेशन शिविर हुआ



**रायपुर।** अंबिकापुर ब्लॉक के मल्गावाखुर्द और सूरजपुर ब्लॉक के कसलगिरी ग्राम पंचायत में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर देशव्यापी अभियान के तहत बकाया खातों के पुनः केवाईसी और वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर की क्षेत्रीय निदेशक रीनी अजित ने शिविर का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नागरिकों को निर्बाध बैंकिंग सेवाओं हेतु पुनः केवाईसी कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रमुख बी. आर. रामा कृष्णा नायक, क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह और जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल, दीपेश तिवारी, एजीएम, आरबीआई भी शिविर में उपस्थित थे। शिविर में जनधन खातों की सक्रियता, डिजिटल सुरक्षा, आरबीआई की लोकपाल योजना और अघोषित जमा राशि की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।

### मैट्स लॉ स्कूल में डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**रायपुर।** मैट्स लॉ स्कूल, मैट्स विश्वविद्यालय में 'मतदान का अधिकारः संवैधानिक अधिकार या मौलिक अधिकार' विषय पर विधि छात्रों के बीच डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने किया तथा संचालन डॉ. बी. आर. मौर्य द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया और भारतीय संविधान, न्यायालयों के निर्णयों व लोकतंत्र की भावना पर आधारित अपने तर्क प्रस्तुत किए। तीन सत्रों में संपन्न इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में मिमांश यादव ने प्रथम, शिखा जोशी ने द्वितीय और हिमानी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति गजराज पगारिया सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क ईको टेस्ट शिविर 29 को



**रायपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव में 29 सितम्बर को निशुल्क ईको टेस्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा, जिसमें भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य हृदय रोगों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। शिविर का संचालन वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जिनेश जैन करेंगे। उन्होंने बताया कि तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। सीने में दर्द, सांस फूलना, पसीना आना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। अस्पताल में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, सीएबीजी, पेसमेकर इम्प्लांट जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे शिविर में आकर समय पर जांच कराएं और अपने हृदय की देखभाल करें।

### गुरुदेव मोबाइल में शुरू हुआ 'बिगेस्ट फेस्टिवल ऑफर'

**रायपुर।** संतोषी नगर के तरुण सब्जी मार्केट के सामने स्थित गुरुदेव मोबाइल इस त्योहारी सीजन में अपने ग्राहकों के लिए 'बिगेस्ट फेस्टिवल ऑफर' लेकर आया है। इस खास ऑफर के तहत हर मोबाइल की खरीद पर ग्राहकों को निश्चित रूप से 13 से 33 तक गिफ्ट्स मिलेंगे, साथ ही डेली लकी ड्रॉ भी आयोजित किया जा रहा है। इस लकी ड्रॉ में भाग लेकर ग्राहक आकर्षक और बेशकीमती पुरस्कार जीत सकते हैं। पहले पुरस्कार के रूप में होंडा एक्टिवा, दूसरे में ईवी स्कूटर, तीसरे में 10 गोल्ड कॉइन रखा गया है। इसके अलावा इंडक्शन चूल्हा, ट्रॉली बैग, एलईडी टीवी और आयरन जैसे उपयोगी उपहार भी शामिल हैं। गुरुदेव मोबाईल हमेशा से अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा और बेहतरीन डील्स देने के लिए जाना जाता है, और इस बार का त्योहारी ऑफर इसे एक कदम आगे ले जाता है। ऑफर सीमित समय के लिए मान्य है, इसलिए ज्यादा देर न करें।




### नवरात्रि के मौके पर साईं टीवीएस में तीन नए मॉडल लॉन्च



**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर ऑटोमोबाइल कंपनी टीवीएस ने अपने तीन नए मॉडल्स टीवीएस ईवी ऑर्बिटर, टीवीएस 310 एनिवर्सरी एडिशन और टीवीएस एक्सएल ईटच एलॉय व्हील को फाफाडीह मेन रोड स्थित साईं टीवीएस में भव्य रूप से लॉन्च किया। इन मॉडलों को ग्राहकों की सुविधा और पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिक सेगमेंट में पेश किया गया ईवी ऑर्बिटर ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी एडवांस बुकिंग मात्र 5001/- से शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर साईं टीवीएस के डायरेक्टर हरीश मथानी ने जानकारी दी कि ये तीनों मॉडल रायपुर के फाफाडीह, लालपुर और आरंग स्थित साईं टीवीएस के एक्सक्लूसिव शोरूम में उपलब्ध रहेंगे। साथ ही इन मॉडलों की एडवांस बुकिंग भी सभी स्थानों पर जारी है।

### एएम-एनएस इंडिया का 'दक्ष' कार्यक्रम



**रायपुर।** एएम-एनएस इंडिया ने दंतेवाड़ा जिले में अपने 'दक्ष-डिजिटल स्किलिंग फॉर यूथ' कार्यक्रम के तहत एक भव्य प्रमाणपत्र और नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईसेक्ट लिमिटेड और नैसकॉन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाना है। समारोह में 160 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें से 126 को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र और 30 को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जयंत नाहटा ने युवाओं को शुभकामनाएं दीं और कौशल विकास को सफलता की कुंजी बताया। एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम ने इस आयोजन का नेतृत्व किया। 'दक्ष' कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस अवसर दे रहा है। यह पहल दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक बदलाव की मिसाल बन रही है।

### वी केयर हॉस्पिटल का निशुल्क शिविर



**रायपुर।** वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत 24 व 25 सितंबर को सीजीएचएस वेलनेस सेंटर, टिकरापारा में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 250 से 300 महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। अस्पताल के एडमिन हेड अमित दुबे ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में हड्डी रोग, मूत्र रोग व स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बोन डेंसिटोमेट्री की जांच सुविधाएं भी उपलब्ध रहीं। शिविर में डॉ. विवेक पांडे, डॉ. तुषार दानी और डॉ. प्रशांत साहू सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं।

- आधार आधारित उपस्थिति नहीं तो रुकेगा वेतन

# आयुष्मान कार्ड बनाने, स्वास्थ्य योजनाओं की एंट्री की धीमी चाल पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की एंट्री की धीमी गति पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कर्मचारियों के लिए आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य किया है और इसका पालन नहीं करने वालों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हड़ताल अवधि में अटके डेटा एंट्री के काम को भी शीघ्र पूरा करने कहा गया है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रेडक्रॉस भवन में कलेक्टर डा. गौरव की अध्यक्षता में पूरी हुई। समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में विभागीय सुस्ती पर उन्होंने असंतोष जताया है। लोगों को इसके लाभ के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनाने प्रेरित करने जोर दिया गया। उन्होंने ओपीडी सहित विभिन्न योजनाओं की गतिविधि को निर्धारित पोर्टल में एंट्री के काम की धीमी गति पर भी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने सभी ब्लॉकों को शत-प्रतिशत आधार लिंक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि इस व्यवस्था का पालन नहीं करने वालों का वेतन रुक सकता है। समीक्षा के दौरान मातृत्व-शिशु स्वास्थ्य, आरबीएसके, यू-विन, एनीमिया मुक्त भारत, कुष्ठ, टीबी, आयुष्मान भारत, एनसीडी जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की एंट्री शीघ्र पूर्ण करने और अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में जिले की रैंकिंग सुधारने के लिए विशेष प्रयासों के निर्देश दिए। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं की स्क्रीनिंग और ऐप में डेटा एंट्री को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। साथ ही ग्रीन पालना ऐप में लंबित एंट्री शीघ्र पूर्ण करने और पौधे की जानकारी ऐप में समय पर जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

# शिवाजी भवानी नगर में बनेगा नया आंगनबाड़ी केंद्र-सामुदायिक भवन, मूणत ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक-20 के शिवाजी-भवानी नगर में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नया भवन एवं सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को इन दोनों निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य गायत्री सुनील चंद्राकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**समयसीमा में निर्माण कार्य पूरा करने दिए निर्देश :** विधायक राजेश मूणत ने बताया कि शिवाजी भवानी नगर में आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक भवन का निर्माण होने से इस क्षेत्र के लोगों को नए भवन की सौगात मिलेगी। नया आंगनबाड़ी केंद्र भवन से जहां बच्चों को अच्छी सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन भी इस क्षेत्र के लोगों के कई कार्यक्रम आयोजित करने के उपयोग में आएगा। राजेश मूणत ने जोन कमिश्नर सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में दोनों भवनों का निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मूणत ने महोबा बाजार स्कूल में चल रहे शेड निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन भी किया।












02



एल्कोहल डिटेक्टिव स्मार्ट हेलमेट से ...

## लाइव इवेंट

### वैश्विक व्यापार तनाव-प्रतिशोधात्मक टैरिफ से भारतीय निर्यात को झटका



**रायपुर।** रविवि की अर्थशास्त्र अध्ययनशाला अंतर्गत विभागीय आर्थिक परिषद द्वारा शुक्रवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान "समकालीन भारतीय अर्थव्यवस्था के मुद्दे" पर रहा। इंदौर से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक एवं अध्यक्ष डॉ. कन्हैया आहूजा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने व्याख्यान में डॉ. आहूजा ने डॉ. सिंह की आर्थिक दृष्टिकोण, दूरदर्शिता और आधुनिक भारत की अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने विशेष रूप से 1991 के भुगतान संतुलन संकट और उसके समाधान हेतु लागू नव आर्थिक सुधार नीति का उल्लेख किया, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदारीकरण की ओर अग्रसर कर नई गति प्रदान की।

#### क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक सहयोग पर हुई चर्चा

वैश्विक व्यापार तनावों, भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक की प्रतिशोधात्मक टैरिफ दरों और भारत के व्यापार संतुलन पर प्रभाव का विश्लेषण किया। इसी क्रम में उन्होंने अमेरिका की **H-1B** वीजा नीति में बदलाव का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 71 प्रतिशत वीजा भारतीय पेशेवरों के पास हैं। इस नीति परिवर्तन से भारत के कौशल प्रवासन, प्रेषण राशि और द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया। क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक सहयोग पर चर्चा करते हुए डॉ. आहूजा ने नेपाल के जेन-जेड विरोध प्रदर्शनों, रूस-भारत-चीन समूह की संभावनाओं और ब्रिक्स साझा मुद्रा की अवधारणा पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे मंचों को सशक्त बनाने से विकासशील अर्थव्यवस्थाएं डॉलर पर निर्भरता कम कर रणनीतिक स्वतंत्रता हासिल कर सकती हैं। घरेलू अर्थव्यवस्था के संदर्भ में उन्होंने जीएसटी स्लैब में कटौती को घरेलू खपत मांग बढ़ाने वाला कदम बताया, जो अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रभाव को भी संतुलित कर सकता है। साथ ही उन्होंने भारत की आयात प्रवृत्तियों और भारत-चीन व्यापार संबंधों की जटिलताओं पर चर्चा की।

## सिटी इवेंट

### वित्तीय साक्षरता पर निवेश से लेकर टैक्स तक विद्यार्थियों को मिली अहम जानकारी



**रायपुर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, राज्य और वित्त विभाग की ओर से एमओयू के तहत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को चुना गया। इनमें रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर एवं सरगुजा जिले से छात्रों को चयनित किया गया। इस क्रम में शहर के शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में चार दिवसीय प्रतिदिन पांच घंटे विद्यार्थियों के लिए कौशल कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. सुलोचना हबलानी द्वारा कार्यक्रम की महत्व के बारे में बताया और कहा कि विद्यार्थियों में बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा आर्किटेक्चर के माध्यम से कौशल विकास कर, रोजगार-स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ाना यही मुख्य उद्देश्य है।

#### विशेषज्ञ ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा आर्किटेक्चर की दी जानकारी

विशेषज्ञ रवि आर्य, सेबी ट्रेनर द्वारा वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रशिक्षण करते हुए प्रथम दिन बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा आर्किटेक्चर दूसरे दिन म्यूचुअल फंड में निवेश, तीसरे दिन पूंजी बाजार में निवेश और अंतिम दिन प्रतिभूतियों के लिए आयकर व जीएसटी जैसे मुख्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के 15 दिन पश्चात परीक्षार्थियों को प्रमाणपत्र ऑनलाइन दिया जाएगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के स्वरोजगार एवं रोजगार में सहायक होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एमएससी तृतीय सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए के 99 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### आत्मनिरीक्षण, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण पर हुई चर्चा

रायपुर। मैक कॉलेज में गुरुवार को रजत जयंती उत्सव के अवसर पर बीए, एमए,बीसीए और पीजीडीसीए के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए कला विभाग द्वारा कॅरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग सेशन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में कॅरियर विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी शामिल रहे। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, सीजीपीएससी तथा व्यापम पर जानकारी साझा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिरीक्षण, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास जैसे विषयों पर भी गहराई से समझाया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उच्च शिक्षा के अवसर और निजी क्षेत्र में संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। सत्र के अंत में ओपन इंटरेक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञ ने सहजता से उत्तर देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी ने कार्यक्रम में कहा कि छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि कॅरियर से जुड़े सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

● हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर, ललित महल और ओमाया गार्डन में चार दिनों तक चलेगा गरबा

# गरबा नाइट्स की आज से शुरुआत, ललित महल और ओमाया गार्डन में मचेगी धूम



**नवरात्रि के चौथे दिन राजधानी में विभिन्न जगहों पर रास गरबा आयोजनों में युवा जमकर झूमे। समाज से लेकर मैदानों तक माता के भक्ति गीतों के साथ गरबा में सभी वर्गों ने हिस्सा लिया। बीटीआई मैदान में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर रास गरबा में महिलाएं व युवतियां हाथों में डांडिया लिए गुजराती लहंगे में तो कोई राजस्थानी परंपरागत वेशभूषा में चूड़ियां चुनर ओढ़े गरबा करती नजर आईं।**

### गुढ़ियारी में युवाओं के आकर्षक लुक ने खींचा ध्यान

गुढ़ियारी रास गरबा उत्सव समिति द्वारा गरबा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को पारिवारिक माहौल के बीच पारंपरिक वेशभूषा में खेलने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। हिंदी व गुजराती गीतों पर सभी ने जमकर डांस किया। इस दौरान भक्ति गीतों से माता की आराधना भी की। गरबा आयोजन में युवाओं के आकर्षक लुक ने सभी का ध्यान खींचा। आयोजन समिति के संरक्षक श्रवण शर्मा, वीरेंद्र पारख, समिति के सदस्य विकास सेठिया, दीपक अग्रवाल, शरद शर्मा, कान्हा बाजारी, अभिषेक अग्रवाल व अन्य सदस्यों की भागीदारी रही। गरबा में पहले दिन के डायमंड रिंग की विजेता भवानी शर्मा रहीं।



### ललित महल में आज से चार दिनों तक रास गरबा

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर ललित महल में "ढोलिड़ा द बिगेस्ट गरबा फ्रेंचाइज ऑफ छत्तीसगढ़" आयोजित किया जा रहा है। भारी मांग और गरबा प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए आयोजन समिति ने इस महोत्सव को अब 3 दिन से बढ़ाकर 4 दिन का कर दिया है। 27 से 30 सितंबर तक रास गरबा की धूम रहेगी। आयोजन में देशभर से कलाकार और हजारों गरबा प्रेमी शामिल होंगे। इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में मशहूर टेलीविजन अभिनेत्री ईशा मलवीया, लोकप्रिय अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी और सुप्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. अंजलि पवार विशेष अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाएंगी।

### सभी के लिए निशुल्क एंट्री

कार्यक्रम में सभी के लिए निशुल्क (फ्री एंट्री) होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद ले सकें। गरबा की परंपरा और गरिमा बनाए रखने के लिए प्रवेश केवल पारंपरिक वेशभूषा में ही दिया जाएगा। प्रारंभिक घोषणा के अनुसार कार्यक्रम 28 सितंबर से होना था, लेकिन लोगों के उत्साह और भारी मांग के चलते अब यह एक दिन पहले 27 सितंबर से ही प्रारंभ होगा। गरबा की धुनों के साथ झूमते हुए प्रतिभागी पूरे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक आयोजन क्षमता का अद्भुत संगम देख पाएंगे।

### ओमाया गार्डन में आज से तीन दिनों तक रास गरबा

हरिभूमि मीडिया पार्टनर एशियन न्यूज और न्यूज प्लस 21 द्वारा आयोजित रास गरबा-2025' महोत्सव ओमाया गार्डन रिसॉर्ट में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित किया गया है। ओमाया गार्डन रिसॉर्ट को मां शक्ति की भक्ति के अनुरूप भव्य रूप से सजाया गया है। रंगबिरंगे फूलों, दीपों और पारंपरिक सजावट से सजा यह दरबार भक्तों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में आज से हर शाम 7 बजे से गरबा और डांडिया की धुन पर थिरकन शुरू होगी। फ्री एंट्री वाला आयोजन सभी के लिए खुला है। पारंपरिक वेशभूषा में प्रवेश दिया जाएगा।

### कार्यक्रम में शामिल होंगी प्रमुख हस्तियां

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री दयालदास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर महापौर मीनल चौबे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिया, मॉडल अक्षय नायक, बॉलीवुड एक्टर अक्षय पोपटानी, एक्टर प्रकाश अवस्थी, डायरेक्टर प्रोड्यूसर मनोज वर्मा, सतीश जैन शामिल होंगे।



**रायपुर।** गुढ़ियारी में डांडिया की खनक सुनाई देती रही। ढोली तारो ढोल बाजे.., ढोलिड़ा..,नगाड़ा संग ढोल बाजे.., गरबा की रात..., जैसे गीतों से डांडिया, गरबा पेश कर सबको अपने साथ झूमने पर मजबूर कर दिया। दूसरी ओर शहर के सामाजिक भवनों और कॉलोनियों में भी गरबा की धूम रही। यहां सभी धर्म-समाज के लोग एक साथ मिलकर गरबा उत्सव में शामिल हुए। इस दौरान पंचमी पर अलग-अलग थीम में गरबा हुआ, जिसमें नारी सुरक्षा, पर्यावरण बचाव और स्वदेशी थीम आकर्षण का केंद्र रहे। सोसायटी में लोग रास गरबा के रंग में ऐसे रंगे कि पांच घंटे कब बीत गए, पता ही नहीं चला। यहां माता की धुन पर लोगों ने नृत्य किया।

### आज विवेकानंद विद्यापीठ में गरबा महोत्सव

नवरात्रि महोत्सव को देखते हुए आज रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा में स्थित विवेकानंद विद्यापीठ में 12 बजे गरबा उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सभी पारंपरिक रूप से तैयार होकर आएंगे और भक्ति गीतों पर ताल से ताल मिलाकर गरबा करेंगे।



### महाराष्ट्र मंडल में गरबा उत्सव आज-कल

महाराष्ट्र मंडल में दो दिवसीय गरबा महोत्सव शनिवार और रविवार को होने जा रहा है। इस महोत्सव में पूरी सनातन संस्कृति एक साथ नजर आएगी। मंडल की गरबा आयोजन समिति ने महोत्सव के दोनों दिन गरबा के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड तय किए हैं। शक्ति की आराधना का पर्व मंडल में धूमधाम से मनाया जाएगा। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में गरबा का आयोजन पिछले 12 साल से किया जा रहा है। गरबा शाम 7.30 से 10 बजे तक चलेगा।

### मां की आराधना के साथ किया गरबा

गुरुकुल महिला महाविद्यालय में नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गरबा का शुभारंभ मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भक्ति गीतों पर जमकर थिरकीं। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेस आंचल यादव, बेस्ट सोलो गरबा दीप्ति प्रधान और बेस्ट ग्रुप गरबा कुमकुम की टीम विजेता बनीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।



शहर के बड़े होटलों और उत्सवों का पास जुटाने मशक्कत के बाद ड्रेस लेने बढ़ती है गरबा प्रेमियों की भीड़

# गरबा के लिए हैंडमेंड चनिया चोली-ड्रेस मटेरियल्स की डिमांड, शाम ढलते ही पसंद का परिधान लेने माथापच्ची

कार्नर न्यूज

रायपुर। गरबा उत्सव में शिरकत करने को लेकर महिलाओं, युवतियों और युवाओं में क्रेज है। इसका असर मार्केट में भी देखने को मिल रहा है। शाम 5 से 7 बजे के बीच ऐसे गरबा प्रेमियों की भीड़ पुरानी बस्ती से लाखेनगर के बीच सजी ड्रेस मटेरियल की दुकानों पर बढ़ जाती है। जहां हैंडमेंड चनिया-चोली की डिमांड सबसे ज्यादा करते हैं। कम लोग ही नया ड्रेस लेने में रुचि लेते हैं। ज्यादातर गरबा प्रेमी किराए पर ड्रेस मटेरियल्स को लेना पसंद करते हैं। इनमें महिलाओं के ऐसे ग्रुप भी पहुंच रहे हैं,जिन्होंने बड़े गरबा उत्सव को ड्रेस बेस्ड किया है। गरबा मैदान में एक जैसे पहनावे में उत्सव का हिस्सा बनने का क्रेज महिलाओं और युवतियों में ज्यादा देखने को मिल रही है। दुकान संचालक अरविंद जैन ने बताया कि मार्केट में गरबा ड्रेस के साथ मेंचिग एसेसरीज की पूछ-परख हैं। अब ड्रेस के साथ ज्वेलरी रेंट पर लेने के लिए लोग ज्यादातर शाम 5 से 7 के बीच पहुंचते हैं। जिन लोगों ने पहले से ही बुकिंग करवाया हैं, ऐसे लोगों की भीड़ ज्यादा रहती है।



### मोर-पंख वाले कंगन की बढ़ी पूछपरख

फैंसी ड्रेस संचालकों के पास गरबा ड्रेस 300 से शुरू हैं। ग्राहक को कई तरह की डिजाइन में सस्ते दामों में हर वर्ग के लिए आउटफिट उपलब्ध हैं। पुराने और नए दोंनो डिजाइन की मांग हैं। रेडिमेट ज्वेलरी हाथों के मोर-पंख में डिजाइन कंगन,गले का चोकर,कौड़ी या घुंघरू वाली पायल, छोटे-छोटे मिरर से बना इयररिंग्स,ऑक्सीडाइज्ड झुमके को महिलाएं सेट में लेते हुए इनकी 100 से 600 तक कीमत दे रही हैं।

### ज्यादा घेरा वाले चनिया चोली की डिमांड

रेंट में परचनिया चोली और मेंचिग एसेसरीज 200 से 800 में लोग लेना पसंद कर रहे हैं। युवाओं और बच्चों के लिए 150 से 700 की रेंज में गरबा परिधान उपलब्ध हैं। मैंचिग एसेसरीज में चोकर, कंगन, बाली,बोहो ब्रैड्स का 150 से 200 रुपए प्रतिदिन किराए पर लेने के लिए भी 40 से 50 लोग दिन में आते हैं। शाम को 5 से 7 बजे के बीच ड्रेस बुक करवाने वाले लोगों की आवाजाही बढ़ने लगती है। दुकान संचालकों ने बताया कि हर साल कुछ नया लेकर आते हैं। दुकान में बच्चें, युथ के लिए गरबा परिधान डिजाइन करवाया गया है। लहंगे को हाथ की कढ़ाई से इस बार भी तैयार किया गया हैं। युवतियों में भारी वर्क और ज्यादा घेरा वाले चनिया चोली की डिमांड हैं।

### गरबा में आकर्षक दिखने किराए का परिधान



शुशांक और भगवती ने बताया कि अभी शाम को होने वाली भीड़ ज्यादातर पहले से बुकिंग करवाने वालों की रहती है। जिनकी कोई प्री-प्लानिंग नहीं होती है। किसी आयोजन का पास मिलने पर ड्रेस तलाशने के लिए वाले गरबा प्रेमी दिनभर आते-जाते रहते हैं। प्लेन ड्रेस का चलन ज्यादा हैं। युवतियों को चनिया चोली में दस कली, बारह कली का घेरा, प्लेन डिजाइन, हाथी प्रिंट, रंग-बिरंगे लेस वर्क, छोटे कोड़ी से बना डिजाइन और ज्यादा घेरे की मांग बढ़ गई हैं। चनिया चोली प्लेन लेने के साथ हैवी वर्क, बैकलेस ब्लाउज के साथ मैंच करके पहनना पसंद किया जा रहा है। युवाओं और बच्चों में शार्ट कुर्ता, टू-पीस, थ्री पीस के साथ रंग-बिरंगे चश्मों को पसंद किया जा रहा है।

## दुर्गोत्सव


आदर्श दुर्गोत्सव समिति, सुंदर नगर


श्री राम दुर्गोत्सव समिति, संतोषी नगर


गौरी-गौरा दुर्गोत्सव समिति, ईश्वर नगर


नवदुर्गा उत्सव समिति अमित नगर नहरपारा


बाल समाज दुर्गोत्सव समिति, बजरंग चौक, छतौना


जय भोलेनाथ दुर्गोत्सव समिति, झंडा चौक


मंगला माता दुर्गोत्सव समिति, आदर्श नगर


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, राजेंद्र नगर


डीडीनगर सेक्टर 2 स्थित गौरीशंकर मंदिर में ललिता ग्रुप की महिलाओं ने कुमकुम पूजा की समूह की प्रमुख के.श्री देवी ने बताया आयोजन में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।


श्री बजरंग चौक दुर्गोत्सव समिति संतोषी नगर मेनरोड


मां शारदा दुर्गोत्सव समिति गोल चौक, रोहिणीपुरम

### छात्रों की विज्ञानिक सोचः कृषि, प्रदुषण, जलवायु, वेस्ट मैनेजमेंट पर प्रोजेक्ट बनाए

# एल्कोहल डिटेक्टिव स्मार्ट हेलमेट से दुर्घटनाएं रोकने का प्रयास, केले के छिलके से बनाया बायोप्लास्टिक

रायपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय जेआर दानी कन्या उमावि कालीबाड़ी में शुक्रवार को स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य प्रदर्शनी विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी और गणित जैसे विषयों पर रही। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न तरह के विषयों पर प्रोजेक्ट बनाए, जैसे कृषि के क्षेत्र में, प्रदूषण, जलवायु, वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक का उपयोग और प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला विज्ञान परिषद की सोमा बनिक और प्राचार्य डॉ. हितेश दीवान के साथ कई शिक्षक शामिल हुए।



### एल्कोहल डिटेक्टिव स्मार्ट हेलमेट में स्मैल सेंसर

भावना मारकंडे और यमुना साहू ने मिलकर एल्कोहल डिटेक्टिव स्मार्ट हेलमेट प्रोजेक्ट का बनाया। छात्राओं ने बताया, यह आइडिया मुझे सड़क दुर्घटना से मिला, क्योंकि अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिल रहा है। ट्रैफिक पुलिस भी बिना हेलमेट पर कार्रवाई करती रही है। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस और लोग पहले से अलर्ट हो जाएं। यह मॉडल शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए है, क्योंकि वे हेल्मेट तो लगा लेते हैं, पर संतुलन बिगड़ने पर एक्सीडेंट हो जाता है। इस हेलमेट में स्मैल सेंसर है, जिससे किसी को पता चल जाता है कि वाहन चलाने वाला व्यक्ति ने शराब पीया है। खास आरसी बुक स्कैनर की मदद से हेलमेट में लगे क्यूआर कोड स्कैनर से वाहन की डिटेल आसानी से जान सकते हैं। इस प्रोजेक्ट से एक्सीडेंट कम होंगे और कोई भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाएगा।





### केले के छिलके से प्लास्टिक निर्माण

भवानी सिन्हा ने प्लास्टिक के विकल्प के विषय को चुना और केले के छिलके से प्लास्टिक का निर्माण किया। विद्यार्थी ने बताया कि रोजाना इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के कप, प्लेट, कटोरी, चम्मच, कैंडी, चिप्स के रैपर, स्ट्रॉ को हटाकर बायोडिग्रेडेबल व बायोप्लास्टिक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसलिए मैंने केले के छिलके से प्लास्टिक बनाया। इसे बनाने के लिए सबसे पहले केले के छिलके छोटे साइज में काटे, फिर इसका पेस्ट बनाया। पेस्ट और रस को अलग करके रस में विनेगर, ग्लिसरीन, जिलेटिन पाउडर मिलाकर घोल बनाया। घोल को गर्म कर पेस्ट के रूप में तैयार कर ट्रे में फैलाकर ओवन में



50 से 60 डिग्री में बेक कर लिया और छिलका प्लास्टिक रूप में तैयार हो गया। प्लास्टिक की मजबूती उसकी थिकनेस से डिसाइड होती है। इसका फायदा ये है कि यह बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक है, जिससे प्रदूषण नहीं होगा। मिट्टी में आसानी से गल जाएगा और जलाने पर राख के रूप में होगा, जो खाद्य के रूप में प्रयोग कर सकते हैं।

### ऑटोमेटिक रीवर क्लीनिंग से साफ होंगे झील-नदी

वर्षा साहू ने सतत कृषि के विषय पर अपना मॉडल तैयार किया है। हाइड्रोपोनिक्स खेती को बढ़ावा देते हुए उसने बताया कि जिस जगह उचित मिट्टी या मिट्टी ही नहीं है, केवल पानी से पौधे तैयार कर सकते हैं। उपजाऊ के लिए खाद को भी उसी पानी में डाल सकते हैं। शहर के क्षेत्रों में इस तरह की खेती से घर में ही सब्जियां व फल उगा सकते हैं। छात्रा ने बताया कि बोल्टिंग फार्मिंग में बचे प्लास्टिक में खेती कर सकते हैं, इससे प्लास्टिक को री-यूज कर सकते हैं। प्राची पटेल ने जल प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ऑटोमेटिक रीवर क्लीनिंग मशीन बनाई है, जिसे डिसी मोटर और कंट्रोलर की मदद से तैयार किया गया है। झील, नदी, तालाबों में कचरा तैरता है, उसे साफ करने यह मॉडल तैयार किया गया है। इसमें लगी चेन वेस्ट मटेरियल को मोटर की मदद से खींचेगी और पीछे के कंटेनर में भरती जाएगी। इसकी मदद से पानी में फैला कचरा हटाया जा सकेगा और पानी साफ रहेगा।

## गोदड़ीवाला धाम में वर्सी मेला, संतों के सानिध्य में सजा महोत्सव

रायपुर। गोदड़ीवाला धाम में सद्गुरू बाबा हरदास राम साहब के 34वें बरसी महोत्सव का शुभारंभ हवन और झंडा पूजन सुबह 10 बजे शुरू हुआ। झंडा वंदन के बाद सतसंग, भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। गोदड़ीवाला धाम के महंत देवी दासजी एवं अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन अखंड भंडारे की सेवा सभी पंचायतों के अलावा देवपुरी, डूंडा, लालपुर, डूमरतराई के श्रद्धालुओं ने प्राप्त की। वहीं शाम 5 बजे से संस्कृतिक प्रोग्राम का आगाज हुआ। इसमें भाटापारा से आई महिला मंडली, तिल्दा, रायगढ़ और जलगांव की बाबा मंडली ने प्रस्तुति दी। रात 8 बजे अखंड पाठ साहब शुरू हुआ। सभी संतों के सानिध्य में विशेष रूप से शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, अमरावती के संत अमर शहीद कंवर राम दरबार के संत राजेश लाल, अयोध्या के संत नितिन लाल, नागपुर से आए संत कमल कुमार ने समाज का मार्गदर्शन किया।



### आज सुबह से रात तक होंगे कई आयोजन

*डॉ. मनमोहन कृष्ण, राजकोट से आए कशिश ने अपनी प्रस्तुति दी। शनिवार को सुबह 11 बजे आशादीवार के बाद भगवान झूलेलाल का बहराणा साहब 12 बजे दरबार से कमल विहार स्थित तालाब के लिए निकलेगा। उसके बाद दोपहर का भंडारा एवं शाम को महिला मंडल द्वारा सतसंग कीर्तन रात 8 बजे किया जाएगा। अखंड धूनी साहब का पाठ आरंभ होगा। संतों के सानिध्य में रात में गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी दरबार के सेवादार हरि इसरानी, इंदर सचदेव, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी ने दी। पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी, हरीश कोडवानी, इंदर थौरानी, अनिल टुन्यानी, विजय रंगवानी महोत्सव को सफल बनाने के लिए सेवा की कमान संभाल रहे हैं।*

## गांधी-शास्त्री जयंती पर आयोजित किया सेवा पखवाड़ा



रायपुर। संत गोविंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य डीके वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुषमा तिवारी, सदस्य उषा अग्रवाल, डॉ. अंजना पुरोहित एवं माधुरी श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, कविता निबंध प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान गांधीजी एवं शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पलक धुले, वेदिका अग्रवाल, आंचल, अनुष्का, संध्या बाघ, त्रिवेणी, मानसी वर्मा, मोनिका दिव्यांकिता, पूर्वी, उषा भारद्वाज, काजल आदि छात्राओं ने भाषण, गायन, कविता आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप डॉ. मीना पाठक, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. सिरिल डेनियल, डॉ. वर्षा वर्मा, डॉ. रीता लुका, डॉ. भूमि राज, डॉ. मनोज राव, डॉ. वैशाली हिरवे, डॉ. माया लालवानी आदि उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा में चित्रकला कार्यशाला-प्रदर्शनी, 35 से अधिक प्रतिभागी शामिल

रायपुर। सेवा पखवाड़ा एवं रजत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को मुक्ताकाशी मंच परिसर में चित्रकला कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा 27-29 सितंबर को शाम 4 से रात 9 बजे तक आयोजित है। शनिवार को प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में प्रतिभागी अपने द्वारा तैयार चित्रों का वर्णन करेंगे। कार्यक्रम की संचालिका दीपिका ठाकुर ने बताया कि आयोजन में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जिन्होंने प्रदर्शनी से पूर्व ही चित्र तैयार किए हैं। चित्रकला कार्यशाला में प्रत्येक वर्ग के सदस्यों को हिस्सा लेने का अवसर दिया गया, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रतिभागियों ने 'विकसित भारत' थीम पर चित्र तैयार किए हैं, जिसे तैयार करने का प्रत्येक उपकरण संस्कृति विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया।





**चित्रों में दिखी सांस्कृतिक धरोहर की सुंदरता**
तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सांस्कृतिक धरोहर, पारंपरिक छटा, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में मिलने वाली ख्याति को दर्शाने का प्रयास किया गया है। जहां इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के छात्रों ने भी भाग लिया है।

## डोंगरगढ़ दर्शन : चार बसों से भक्तों का जत्था रवाना

रायपुर। डोंगरगढ़ दर्शन-10 की कड़ी में शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चार बसों को माता का ध्वज दिखाते हुए रवाना किया। कालीमाता सेवा समिति के इस जनहितकारी एवं समाज उपयोगी कार्यों के 10वें वर्ष आयोजित डोंगरगढ़ दर्शन 10" का समापन भी किया गया। सम्पूर्ण यात्रा के दौरान नवरात्रि के पहले दिन से पांचवे दिन तक चार बसों से भक्तों का जत्था रवाना किया गया। इसमें मां "बम्लेश्वरी" का निःशुल्क दर्शन करवाने के साथ निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई। इस अवसर पर भक्तों का उत्साह एवं सहयोग देखने को मिला। यात्रा के समापन अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चार बसों को रवाना करने से पहले मां महाकाली मंदिर में माथा टेका और इसके बाद दर्शनार्थियों से चर्चा करने के बाद समिति से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने इस पुनीत सेवा के लिए समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले और उनकी टीम को बधाई दी।



**1350 श्रद्धालुओं ने किया मां बम्लेश्वरी का दर्शन** : वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि इस धार्मिक यात्रा के माध्यम से युवाओं को अपनी संस्कृति एवं धर्म से जोड़ा जा रहा है। माता के दरबार तक जाने के लिए निर्धन परिवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समिति समाज के अंतिम वर्ग के लोगों को भी निशुल्क दर्शन करा रही है।

### राजधानी में ऐसे कई प्राचीन मठ-मंदिर, जिनसे जुड़ी है आस्था, मां कंकाली मंदिर निर्माण से जुड़े कई रोचक तथ्य

# नागा साधुओं ने श्मशानघाट में बनवाया मां कंकाली मंदिर श्रद्धालु दशहरे पर करते हैं अस्त्र-शस्त्र की पूजा और दर्शन

कार्नर न्यूज

रायपुर। वैसे तो राजधानी में मां आदिशक्ति के कई प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर हैं। इन मंदिरों से कई रोचक किवदंतियां भी जुड़ी हुई हैं। जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर बरबस ही आकर्षित करती हैं। इनमें मां कंकाली मंदिर और इसके निर्माण से जुड़ी एक सच्चाई यह भी है कि जिस स्थान में वर्तमान में माताजी का श्रीधाम है, वहां 700 साल पहले श्मशानघाट हुआ करता था। पुजारी आकाश शर्मा ने बताया कि महंत कृपालगिरी को स्वप्न में देवी मां ने दर्शन दिए और श्मशानघाट क्षेत्र की खुदाई कराने के लिए सजग किया, लेकिन महंतजी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद बार-बार स्वप्न में देवी आईं तो उन्हें भूल का अहसास हुआ। पुरानी बस्ती स्थित श्मशानघाट की खुदाई कराने से मां कंकाली की स्वयंभू मूर्ति निकली और आसपास अस्त्र- शस्त्र मिले। खुदाई की वजह से श्मशानघाट तालाब बन गया।





### दशहरा के दिन किया जाता है शस्त्रों का पूजन

मंदिर का निर्माण श्मशानघाट में होने से नागा साधुओं के तांत्रिक साधना केंद्र के रूप में इसकी ख्याति बढ़ी। नागा साधुओं की समाधि इसके आसपास है। महंत कृपाल गिरि ने कंकाली मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर में नागा साधुओं के कमंडल, वस्त्र, चिमटा, त्रिशूल, ढाल, कुल्हाड़ी आदि मौजूद हैं। शस्त्रों का पूजन दशहरा के दिन किया जाता है। कहते हैं कि महंत कृपालगिरी स्वप्न की उपेक्षा करने की वजह से इतने आहत हुए कि उन्होंने मंदिर निर्माण के बाद वहीं समाधि ले ली। इतना ही नहीं, मंदिर और शस्त्रागार से जुड़ी हुई एक किवदंती यह भी है कि माता की स्वयंभू मूर्ति को बनवाए गए मंदिर में जाने से पहले माता ने शस्त्रागार का पट सिर्फ विजयदशमी पर खोलने और पूजन की परंपरा निभाने के निर्देश स्वप्न में महंतजी को दिए। इस परंपरा को अब भी मंदिर संचालन से जुड़े लोग निभाते हैं।

### तब देवी मां युद्ध के मैदान में प्रकट हुईं

मां कंकाली मंदिर का इतिहास सबसे अलग इसलिए भी है, क्योंकि यहां माता का शस्त्रागार साल में केवल एक ही दिन यानी दशहरा की सुबह खुलता है। इसके चलते पूजा और दर्शन करने के लिए भक्तों का मेला लगता है। शाम ढलते ही शस्त्रागार एक साल के लिए बंद हो जाता है। इसके चलते लोग माता के सामने माथा टेकते हैं और अस्त्र-शस्त्र का दर्शन करने के लिए भक्त पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि जब भगवान राम और रावण का युद्ध हो रहा था, तब देवी मां युद्ध के मैदान में प्रकट हुईं और श्रीराम को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित किया था। इस मान्यता के चलते शस्त्रागार का महत्व बढ़ जाता है। लोग इनका दर्शन और पूजन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ और विदर्भ की जीत दिशा रही प्लेयर ऑफ द मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप 2025 तृतीय संस्करण- सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन 21 सितबर से जारी है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, झारखंड तथा विदर्भ की टिमें हिस्सा ले रहीं। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबलों में शुक्रवार को छत्तीसगढ तथा विदर्भ ने अपने-अपने मैच जीत लिए। सुबह पहले मैच में झारखंड के विरुद्ध टॉस जीतकर छत्तीसगढ ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर केवल 76 रन बनाये। झारखंड की ओर से कुमारी सबीता ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रगति कुमारी ने 15 रन तथा चांदमुनि ने 11 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 ओवरों में 17 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किये। 77 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ टीम ने 13.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 78 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने 42 रनों की नाबाद मैच जीताउ पारी खेली। उनके अतिरिकत ऐश्वर्या सिंह ने 13 रन तथा प्रीति यादव ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया। वही झारखंड की ओर से षेफा हसन ने 1 विकेट, नेहा कुमारी तथा चांदमुनी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ की कप्तान कृति गुप्ता प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। छत्तीसगढ ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में विदर्भ के विरुद्ध टॉस जीतकर मध्य प्रदेश ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 180 रनों का विशाल स्कोर बनाया। विदर्भ की ओर से दिशा कसत ने शानदार 81 रन तथा मोना मेश्राम ने 42 रनों योगदान दिया। भारती फुलमाली ने भी 26 रन तथा मानसी पांडे ने 21 नाबाद रन बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से अनुष्का शर्मा ने 2 विकेट, सूची उपाध्याय तथा ऋषिका जैन ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश वुमेंस की टीम ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 164 रन ही बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से जिसीं जार्ज ने शानदार 85 रन तथा संस्कृति गुप्ता ने नाबाद 37 रनों योगदान दिया। वही विदर्भ की ओर से कोमल तथा कंचन ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। दिशा ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। विदर्भ ने 16 रनों से मैच जीत लिया।

### 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितम्बर से 30 सितम्बर तक रायपुर जिले में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से चयनित छात्र-छात्राएँ विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के लिए कंट्रोल रूम – सेंट पॉल्स उमावि रायपुर को बनाया गया है। खिलाड़ियों एवं टीमों के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्य खेल में रोलर स्केटिंग – कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना, रायपुर, हॉकी (बालक/बालिका 14 वर्ष) – इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, साईंस कॉलेज परिसर, रायपुर बास्केटबॉल – बालाजी विद्यामंदिर, रायपुर,स्क्वॉश – बुधापारा, रायपुर,सॉफ्ट टेनिस – मायाराम सुरजन स्कूल, रायपुर,फुटबॉल – कोटा स्टेडियम, रायपुर,साइक्लिंग – नया रायपुर शामिल है। आयोजन समिति में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता एवं खेल प्रशिक्षकों को सम्मिलित किया गया है, जो प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग 11, 14, 17 एवं 19 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विभिन्न संभागों की टीमों को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर एवं अन्य जिलों में ठहराने की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता का विकास करना है। आयोजन समिति ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

## शरीर में जाने-अनजाने में इकट्ठा होता जा रहा प्लास्टिक का कचरा

# फेफड़े-मस्तिष्क और हड्डियां सब खतरे में, माइक्रोप्लास्टिक आज धीरे-धीरे बनता जा रहा आपकी सेहत का दुश्मन

रोजाना हमारे शरीर में अनजाने में ही सही, प्लास्टिक का कचरा इकट्ठा होता जा रहा है। साल 2022 में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पहली बार इंसानों के खून में माइक्रोप्लास्टिक कण पाए। अब वैज्ञानिकों ने बताया है कि माइक्रोप्लास्टिक, हड्डियों के लिए भी दिक्कतें बढ़ाती जा रही हैं। प्लास्टिक की जब खोज की गई तो संभवतः माना गया था कि ये इंसानों की जिंदगी को आसान बना देगी। लेकिन अब यही प्लास्टिक हमारी सेहत के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। हर दिन हम पानी की बोतल, पैकेज्ड फूड, प्लास्टिक बैग जैसी कई प्लास्टिक वाली चीजों का इस्तेमाल करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सूक्ष्म कणों के रूप में हमारे शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसे माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है।



प्लास्टिक के ये छोटे कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि नंगी आंखों से दिखते भी नहीं, लेकिन ये हवा, पानी और खाने के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। शोध बताते हैं कि आजकल लगभग हर इंसान के शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के कण मौजूद हैं। साल 2022 में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पहली बार इंसानों के खून में माइक्रोप्लास्टिक कण पाए। खून के अलावा ये छोटे-छोटे कण शरीर के अलग-अलग अंगों में जाकर वहां भी सूजन पैदा कर सकते हैं और धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों की वजह बन सकते हैं। एक हालिया रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने बताया है कि माइक्रोप्लास्टिक, हड्डियों के लिए भी दिक्कतें बढ़ाती जा रही हैं।

### हर दिन शरीर में जा रहा है माइक्रोप्लास्टिक

रोजाना हमारे शरीर में अनजाने में ही सही, प्लास्टिक का कचरा इकट्ठा होता जा रहा है। वैज्ञानिकों ने पाया कि हर इंसान एक हफ्ते में लगभग 5 ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल रहा है। ये छोटे-छोटे माइक्रोप्लास्टिक के कण हमारी हवा, पानी, खाने और यहां तक कि नमक में भी मिल चुके हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में चेतावनी दी है कि माइक्रोप्लास्टिक केवल पर्यावरण और जलवायु को ही नहीं, बल्कि हड्डियों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। खून, दिमाग, प्लेसेंटा और यहां तक कि हड्डियों में भी इन कणों की मौजूदगी साबित हो चुकी है। नए शोध से खुलासा हुआ है कि माइक्रोप्लास्टिक अस्थि कोशिकाओं को कमजोर करते हैं, सूजन बढ़ाते हैं और हड्डियों के विकास को रोक सकते हैं।

### माइक्रोप्लास्टिक से हड्डियों को होने वाली समस्याएं

ब्राजील के वैज्ञानिकों ने 62 अध्ययनों की समीक्षा कर पाया कि माइक्रोप्लास्टिक हड्डी की मज्जा में मौजूद स्टेम सेल्स की क्षमता को नुकसान पहुंचाते हैं। यह हड्डियों को तोड़ने वाली कोशिकाओं की संख्या बढ़ा देते हैं, जिससे हड्डी का क्षय तेज होता है। इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुसार, साल 2050 तक ऑस्टियोपोरोसिस से जुड़ी हड्डी टूटने की घटनाएं 32 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि हड्डियों को मजबूत रखने के लिए आहार और व्यायाम जितने जरूरी हैं, उतना ही महत्वपूर्ण है माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करना है।

### फेफड़ों की समस्या और कैंसर का खतरा

इससे पहले के शोधों में भी माइक्रोप्लास्टिक के कारण होने वाले गंभीर जोखिमों को लेकर अलर्ट किया जाता रहा है। हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक कण हमारी सांसों के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। यह कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि शरीर की प्राकृतिक फिल्टरिंग प्रक्रिया इन्हें रोक नहीं पाती। शोध के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक फेफड़ों में सूजन, एलर्जी और अस्थमा जैसी दिक्कतें पैदा कर सकते हैं। लंबे समय तक इनका असर फेफड़ों की क्षमता को घटा सकता है और सांस लेने में तकलीफ बढ़ा सकता है।



## इन विटामिन की कमी बढ़ा सकती है हृदय रोगों का खतरा

हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिसका जोखिम भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को हृदय की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कम उम्र के लोगों में भी हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले देखे जा रहे हैं, जो निश्चित ही बड़े जोखिम की तरफ संकेत है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर सबसे ज्यादा असर हो रहा है, कम उम्र से ही सभी लोगों को इसपर ध्यान देते रहने की आवश्यकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोग का जोखिम सबसे अधिक हो सकता है, शरीर में कुछ विटामिन्स और पोषक तत्वों की कमी के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ सकता है। हृदय रोगों के बढ़ते वैश्विक जोखिमों को लेकर लोगों को अलर्ट करने और बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है।

### हृदय को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?

हार्वर्ड टीएच चेन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञों ने बताया, हृदय रोग की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखा जाए। आहार में फलों और सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स, मछली, पोल्ट्री जैसी चीजों को सेहत के लिए काफी लाभकारी पाया गया है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए क्या खाना चाहिए, उससे ज्यादा जरूरी है कि किन चीजों का सेवन नहीं या कम किया जाना चाहिए। रेड और प्रोसेस्ड मीट, कार्बोहाइड्रेट, एडेड शुगर, सोडियम वाले खाद्य पदार्थ आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

### विटामिन-डी की कमी हो सकती है समस्याकारक

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में विटामिन-डी की कमी होती है उनमें दिल के दौरे, कंजेस्टिव हार्ट फेलियर, परिफेरल आर्टरी डिजीज और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकती है। ये स्थिति उच्च रक्तचाप और मधुमेह के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है जिससे हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। आहार में विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

# राज्य टेबल टेनिस में बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर विजेता

**भिलाई।** दुर्ग शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को अंडर 17 बालिका एवं अंडर 17 बालक वर्ग के मुकाबले हुए। अंडर 17 बालिका वर्ग में बिलासपुर ने सरगुजा को 3-0 से दुर्ग ने रायपुर को 3-0 से रायपुर ने बिलासपुर को 3-1 से बस्तर ने सरगुजा को 3-0 से हराया। इस प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर दुर्ग दूसरे स्थान पर बस्तर एवं तीसरे स्थान पर रायपुर की टीम रही। अंडर 17 बालक वर्ग के परिणाम बिलासपुर ने रायपुर को 3-0 से दुर्ग ने सरगुजा को 3-0 से बस्तर ने सरगुजा को 3-0 से दुर्ग ने रायपुर को 3-2 से बिलासपुर में सरगुजा को 3-0 से पराजित किया। इस प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर बिलासपुर दूसरे स्थान पर बस्तर एवं तीसरे स्थान पर दुर्ग की टीम रही। इन मैचो के अंपायर पीएस हरीश ,सौरभ ,अमन और सूची वर्मा थे। इन मैचो के दौरान अशोक रिगरी अल्ताफ अली एवं सेबेस्टियन उपस्थित थे। ऑफिशियल के तौर पर जेपी देव, सुबोध कुमार सिंह , अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस अंपायर विनोद देवघरे ,श्रीमती रंजीता दास, रविराज ,कुमारी काजल, सुशील मिश्रा शिव शंकर साहू एवं विभिन्न जिलों के कोच एवं मैनेजर श्रीमती गीतांजलि पाठक ,शर्मिष्ठा शाह, सौरभ, प्रमोद एवं अनीश यादव उपस्थित थे।

**दुर्ग, बस्तर और बिलासपुर की जीत :** इसी तरह अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग के मैच में रोमांचक मुकाबले हुए। इन मैचों में बालिका वर्ग में दुर्ग ने रायपुर को 3-0 से बस्तर ने बिलासपुर को 3-1 से बिलासपुर ने रायपुर को 3-0 से दुर्ग ने बस्तर को 3-2 रायपुर ने सरगुजा को 3 -0 से पराजित किया।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi Swimming Academy
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे FREE DEMO CLASS बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

सजाएं अपना घर
D'Art
UNIQUE & RELIABLE STORE FOR PERFECT GIFTS
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लॉवर पॉट आर्टिफिशियल प्लान्ट्स एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. ✆ 9300015858, 7415800058

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल) 110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें: रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
✆ 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें : बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नास्ता किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करें – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

जेकार्ड 4x6, 15 किलो 750/-
चेक कपड़ा 4x6, 15 किलो 650/-
चेक कपड़ा 4x6, 12 किलो 600/-
जेकार्ड कपड़ा 3x6, 12 किलो 700/-
सादा गद्दा 3x6 200/-
सादा गद्दा 3x6, 8 किलो 450/-
जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 3500/- सफेद रुई
जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 2200/- रंगीन रुई
फाईबर गद्दा डबल सिंगल तैयार
3x6=350, 4x6=500
टेंट हाउस गद्दा, चैन कवर लगा हुआ
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध)। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

WHERE EVERY RIDE IS A JOYRIDE
DYNAMO Electric Vehicle
Offer Price 45000/-
0% Down Payment
2 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर,

Interio's
World of Interiors & Modular Kitchen
Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333

HORIZON OF STARS & PLANETS (ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या, नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज का तीसरा सीजन आया, एक साथ रिलीज



जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड' के नए सीजन का इंतजार कर रहे फैंस का अब इंतजार पूरा हो गया है। 'एलिस इन बॉर्डरलैंड' सीजन 3 रिलीज हो गया है। लोकप्रिय जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड' का तीसरा सीजन आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब लगभग तीन साल बाद सीरीज का तीसरा सीजन रिलीज हुआ है। फैंस के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात ये है कि इस हिट जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज के सभी एपिसोड एकसाथ रिलीज हुए हैं। यानी आज से सारे एपिसोड नेटफ्लिक्स पर मौजूद हैं। अब फैंस को इस शो के अलग-अलग एपिसोड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सीजन में कुछ छह एपिसोड हैं। दिसंबर 2022 में रिलीज होने वाली इस सीरीज का दूसरा सीजन एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ था। जब उसागी (ताओ त्सुचिया) और अरिसु (केंटो यामाज़ाकी) किसी तरह वास्तविक दुनिया में वापस आने में कामयाब रहे। जहां दोनों अपने भविष्य को लेकर खुश दिख रहे थे, वहीं कैमरा एक जोकर कार्ड की ओर घूम गया। रिपोर्ट के अनुसार, सीजन 3 में वे शादीशुदा हैं और खेलों की उनकी यादें मिट चुकी हैं। लेकिन अंततः उन्हें वापस उस भयावह दुनिया में ले जाया जाएगा। 'एलिस इन बॉर्डरलैंड' हारो असो के इसी नाम के मांगा (कॉमिक्स) पर आधारित है। चूंकि दूसरा सीजन मांगा की कहानी के साथ समाप्त होता है, इसलिए निर्देशक शिंसुके सातो और उनकी टीम ने सीरीज के तीसरे सीजन के लिए स्क्रिप्ट से हटकर काम किया है।

### टॉलीवुड

## 'कांतारा चैप्टर 1' की पुकार, पृथ्वी पर पाप बढ़ेगा तो ईश्वर अवतार



होम्बले फिल्म्स की 'कांताराः चैप्टर 1' को लेकर लोगों की उत्सुकता 2022 में रिलीज हुई 'कंतारा' की जबरदस्त सफलता से जुड़ी है। ऐसे में अब मेकर्स ने आखिरकार फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार किया जाने वाला ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो 2025 में देखने लायक सबसे बड़े चीजों में से एक बन गया है। होम्बले फिल्म्स की 'कांताराः चैप्टर 1' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसे देशभर में रिलीज होने वाली सबसे बड़ी पैन-इंडिया फिल्म के रूप में देखा जा रहा है और इस तरह से यह अपनी घोषणा के बाद से ही खूब सुर्खियां बटोर रही है। अब दर्शकों के उत्साह को एक अलग स्तर पर लेकर जाते हुए फिल्म का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'कांताराः चैप्टर 1' के मेकर्स ने ट्रेलर में ज्यादा राज नहीं खोले हैं, लेकिन उन्होंने एक रहस्य जरूर बनाए रखा है। इस प्रीक्वल के चारों ओर बना यही सस्पेंस फैन्स के बीच जिज्ञासा बढ़ा रहा है कि आखिर इस साल की सबसे बड़ी फिल्म में मेकर्स क्या नया दिखाने वाले हैं। लेकिन अब इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हुए ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इस बड़ी घोषणा के लिए मेकर्स सोशल मीडिया पर आए और एक शानदार वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कांताराः चैप्टर 1 होम्बले फिल्म्स की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म की क्रिएटिव टीम में म्यूजिक डायरेक्टर बी. अजनीश लोकनाथ, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप और प्रोडक्शन डिजाइनर विनेश बंग्लान शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर फिल्म की दमदार विजुअल और भावनात्मक कहानी को आकार दिया है।'

### भोजपुरी

## जया ने मुझे छड़ी से पीटा था, 13 साल बाद खुलासा किया 'निरहुआ' ने



अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक हैं। क्या आप जानते हैं कि उन्होंने भोजपुरी मूवी में भी काम किया है। वो साल 2012 में 'गंगा देवी' फिल्म में काम कर चुके हैं। उनके साथ जया बच्चन भी थीं। अब निरहुआ ने बताया है कि जया जी गुस्सैल स्वभाव की थीं। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन ने कभी भोजपुरी सिनेमा में भी काम किया था। साल 2012 में वो 'गंगा देवी' फिल्म में नजर आए थे। इसमें उनके साथ उनकी वाइफ जया बच्चन भी थीं। इनके अलावा भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने भी एक्टिंग की थी। वो लीड रोल में थे। अब उन्होंने 13 साल बाद खुलासा किया है कि जया जी ने वास्तव में उन्हें छड़ी से पीटा था। वो बहुत गुस्सैल थीं।दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के साथ शूटिंग के दिनों को याद किया। उन्होंने 'सिद्धार्थ कनन' से बातचीत में बताया कि सेट पर बिग बी उनके साथ गर्मजोशी और हंसी-मजाक के साथ व्यवहार करते थे, जबकि जया जी ने एक बार उन्हें छड़ी से सचमुच पीट दिया था। जया बच्चन के बारे में निरहुआ ने कहा, 'एक सीन था, जिसमें मुझे अपनी ऑन-स्क्रीन बीवी को थप्पड़ मारना था और मेरी मां बनीं जया जी को मुझे डांटना और डंडे से पीटना था। लेकिन नाटक करने के बजाय, उन्होंने मुझे मारा। और जोर से मारा! वो बहुत गुस्सैल हैं। उन्होंने मुझे दो-तीन बार पीटा और मैंने उनसे कहा- आप सच में मुझे मार रही हैं।






### लीज़र लूम ट्रेंड

लीज़र लूम एक घरेलू भारतीय फ़ैशन ब्रांड है जो अपने आकर्षक, हवादार और छुट्टियों से प्रेरित कपड़ों के साथ टिकाऊ शैली को नई परिभाषा देता है। सचेत डिज़ाइन में निहित, यह ब्रांड भारत से प्राप्त 100% ऑर्गेनिक कॉटन और जूट का उपयोग करता है, और हर उत्पाद को हाथ से तैयार करने के लिए खासकर बंगाल के कुशल कारीगरों साथ मिलकर काम करता है।

## बदलते मौसम में खो रही है हाथ-पैर की नमी तो घबराएं नहीं, करें इन चीजों का इस्तेमाल

रोजमर्रा की जिंदगी में कई चीजें ऐसी होती हैं, जिनके इस्तेमाल से हाथ-पैर काफी रूखे होने लगते हैं। इन चीजों कठोर साबुन, केमिकल प्रोडक्ट और अगरबत्ती शामिल होती हैं। इनके साथ ही बदलते मौसम का सीधा असर भी हाथ-पैर पर पड़ता है। आप बदलते मौसम में ड्राई स्किन से परेशान हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### नारियल का तेल

नारियल का तेल में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा संबंधी परेशानियों को कम करते हैं। ये आमतौर पर सभी घरों में आसानी में मिल जाता है। ये आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कुछ बूंद तेल लेकर हाथ-पैर पर मालिश करनी है।

### एलोवेरा

एलोवेरा स्किन पर नमी बरकरार रखने में मदद करता है। ऐसे में आप बड़ी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस एलोवेरा जेल लेकर हाथ-पैर पर लगाना है।

### शहद

अगर आप शहद का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। इसमें कई एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए



जाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस आपको 10 से 15 मिनट तक शहद अपने हाथ-पैर पर लगाना है और फिर हाथ धो लेने हैं।

### ओटमील पाउडर

इसके इस्तेमाल के लिए ओटमील पाउडर में पानी मिलाकर इसका पेस्ट बनाएं। हाथ-पैर में नमी बरकरार रखने के लिए आपको हर रोज इसका इस्तेमाल करना है।

## माता के दर्शन के लिए पहनना है कुर्ता, आजमाएं ऐसे डिजाइन



माता रानी के दर्शन का इंतजार हर कोई सालभर करता है। नवरात्र पर माता रानी के दर्शन के लिए कई बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स से लेकर आम आदमी तक व्याकुल रहते हैं। इन दिनों तक जहां भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किए जाते हैं, वहां कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में लोग नौ दिनों तक पांरपरिक रूप से तैयार होकर कार्यक्रमों में जाते हैं। महिलाओं के लिए तो कपड़ों का चयन करना आसान होता है लेकिन पुरुषों को ये समझ नहीं आता कि वो किस तरह के कपड़े पहनें। अगर आप इस नवरात्रि कुछ एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो कुर्ता पायजामा आपके लिए सही विकल्प है।



### वरुण धवन

गणपति स्थापना के दिन आप वरुण धवन की तरह धोती कुर्ता पहन सकते हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगता है और पूजा के लिए ये आउटफिट काफी कमाल का लगता है।



### कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन के पास कुर्ते का काफी खूबसूरत कलेक्शन है। अगर आप कुछ एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो कार्तिक के कलेक्शन पर नजर डाल सकते हैं।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा

बॉलीवुड के हैंडसम हंक कहे जाने सिद्धार्थ के जैसा कुर्ता आप नवरात्र पर पहन सकते हैं। ऐसा कुर्ता जींस के साथ भी काफी स्टाइलिश लगता है।

### शाहिद कपूर

शाहिद कपूर का ऐसा एथनिक लुक काफी कमाल का होता है। ऐसे में आप अगर चाहें तो शाहिद की तरह ही इस पैंट के साथ कुर्ता पहन सकते हैं और उसके साथ दुपट्टा कैरी कर सकते हैं।

## दिखना है सबसे खूबसूरत तो पहनें इस तरह के लहंगे

तीज-त्योहार पर हर महिला अपने श्रृंगार का विशेष ध्यान रखती हैं। ऐसे खास मौके पर अगर आप लहंगा पहनने का सोच रही हैं तो कुछ लेटेस्ट लुक आजमा सकती हैं।

लहंगा लेने से पहले ये जरूर तय कर लें कि आप उसे किस तरह के कैरी करना चाहती हैं। अगर आप इस तरह से लहंगे को पहनना चाहती हैं तो इसका दुपट्टा काफी लंबा होना चाहिए।



### सिल्क लहंगा

आजकल इस तरह के सिल्क के लहंगे काफी चलन में हैं। ये आपको ऑनलाइन के साथ-साथ आसानी से बाजार तक में भी मिल जाते हैं। तीज के दिन ऐसा लहंगा पहनकर आप जलवा दिखा सकती हैं।

### नेट वाला लहंगा

स्लीवलेस ब्लाउज के साथ इस तरह का नेट वाला लहंगा देखने में काफी प्यारा लगता है। इस तरह के लहंगे के साथ ब्लाउज हमेशा अलग रंग का लेना चाहिए। ये आपके लुक को और खूबसूरत बनाता है।

### हैवी वर्क सिल्क लहंगा

अगर आपको सिल्क के फैब्रिक का लहंगा पसंद है लेकिन आप तीज पर कुछ हैवी पहनना चाह रही हैं तो इस तरह का लहंगा आपके लिए परफेक्ट है। इसे पहनकर आपका लुक काफी ग्लैमरस दिखेगा।

## नहीं पहननी चूड़ियां, तो ट्राई करें चूड़ा

अपने श्रृंगार के दौरान अगर आपको चूड़ियां नहीं पहनना चाहती तो चूड़े के अलग-अलग ऑप्शन ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथ खूबसूरत लगेंगे। रेड मिनाकारी चूड़ा डिजाइन में पूरे चूड़े में हैवी वर्क किया जाता है। आसपास के कंगन में पर्ल लगाए जाते हैं, और चौड़े कंगन पर हैंड वर्क होता है। इस तरीके के चूड़े को आप साड़ी, सूट या फिर लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको इस चूड़ें में मल्टीकलर और सिंगल कलर मिल जाएगा। कुंदन वर्क ज्वेलरी डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में है। इस डिजाइन वाले चूड़े को भी आप वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पतले कंगन में थोड़ा कुंदन वर्क (हाथों के लिए खूबसूरत बैंग्लस डिजाइन) मिलेगा। लेकिन चौड़े कंगन पर आपको ज्यादा कुंदन वर्क देखने को मिलेगा। इसमें आप चाहे तो लटकन वाले चूड़े को खरीद सकती हैं। वरना बिना लटकन वाले चूड़े के डिजाइन भी आपको मिल जाएं । अपने लिए अलग-अलग कपड़े खरीदती हैं। उनके साथ पहनने वाली ज्वेलरी लेती हैं इसी के साथ हाथ में पहनने के लिए चूड़ियां खरीदती हैं। लेकिन अगर आप इस करवा चौथ पर चूड़ियां नहीं पहनना चाहती तो इसके लिए आप चूड़े के अलग-अलग ऑप्शन ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथ खूबसूरत लगेंगे।



### रेड मीनाकारी चूड़ा

चूड़ा डिजाइन आपको कई सारे मिल जाएंगे। इस करवा चौथ पर अपने हाथों को खूबसूरत दिखाने के लिए आप रेड मिनाकारी चूड़ा डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। इसमें पूरे चूड़े में हैवी वर्क किया जाता है। आसपास के कंगन में पर्ल लगाए जाते हैं, और चौड़े कंगन पर हैंड वर्क होता है। इस तरीके के चूड़े को आप साड़ी, सूट या फिर लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको इस चूड़ें में मल्टीकलर और सिंगल कलर मिल जाएगा।

**कार्नर न्यूज**

### बार्बी डॉल दिखने की ख्वाहिश में लोग अपना रहे बार्बी मेकअप

## नए फैशन ट्रेंड के तौर पर युवा अपना रहे बार्बी मेकअप इन टिप्स से आप भी पा सकते हैं खूबसूरती से भरा लुक

इन दिनों बार्बी मेकअप लुक काफी ट्रेंड में है। इसका पिंक-पिंक मेकअप आपको बार्बी डॉल बना देगा और आपका जलवा हर जगह बिखरने लगेगा। आपको मेकअप में पिंक कलर या मेकअप इंडस्ट्री का अपडेट अपनाना पसंद है तो बार्बी मेकअप आपके लिए है। इन दिनों यह काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें पिंक कलर का उपयोग कर बार्बी डॉल का लुक क्रिएट किया जाता है।

इसमें गुलाबी आंखों के लिए हॉट पिंक आई शैडो, गुलाबी गाल के लिए पिंक ब्लश, नाखूनों के लिए गुलाबी नेल पेंट और गुलाबी होंठ के लिए पिंक लिप शेड का इस्तेमाल किया जाता है। बार्बी मेकअप के इतने ही स्टाइल नहीं हैं, इसकी सूची लंबी है। इसमें शामिल हैं, लिलैक बार्बी, लवर बार्बी, मालिबू बार्बी, पंक रॉक बार्बी, ग्लिटजी बार्बी, ड्रीमी बार्बी, ब्लशिंग बार्बी और स्बटल बार्बी। ऐसे में बार्बी मेकअप के लेटेस्ट ट्रेंड्स के बारे में जानना जरूरी है।



यह आपको क्लासी बार्बी लुक देगा। इस लुक में पिंक और पर्पल शेड का ही उपयोग होता है। सौंदर्य विशेषज्ञों के अनुसार, मरमेड बार्बी लुक के लिए मेकअप में पिंक और पर्पल शेड का ज्यादा उपयोग होता है। आंखों के लिए पिंक या पर्पल शेड का आईशैडो और फ्रॉस्टेड पिंक लिप कलर का उपयोग होता है, बाकी मेकअप बेस अन्य मेकअप स्टाइल जैसा होता है।

**बोल्डः** यह मेकअप लुक आप खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में पिंक कॉस्मेटिक शेड ही प्राथमिकता में रहता है। आप युवा हैं, अधेड़ या बड़ी उम्र की महिला, बोल्ड बार्बी लुक आप पर जंचेगा। बस जरूरत है, इस मेकअप को आत्मविश्वास से कैरी करने की।

**नियॉनः** नियॉन बार्बी मेकअप करना काफी आसान है। इसे आप खुद भी कर सकती हैं। बस, जरूरत है अभ्यास की। नियॉन बार्बी मेकअप करने का हर तरीका आपको सर्च इंजन में मिल जाएगा। इसे करने का मन है तो कर डालिए। यह आप पर फबेगा, बस इसे कैरी करते हुए आत्मविश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है।

**इथेरलः** इथरेल बार्बी मेकअप सिर्फ आंखों या होंठों पर नहीं, चीक बोन और जॉ लाइन पर भी किया जाता है। इसके लिए मेकअप का बेस लगा लें। आई मेकअप कर लें। आंखों में पिंक आई शैडो लगाएं। जॉ लाइन और चीक बोन को चीक पॉपर ब्लशिंग हाइलाइटर से एनहैंस्ड करें।

**स्लट्रीः** सुना है कभी स्मोकी पिंक आइज के बारे में? स्लट्री बार्बी मेकअप में स्मोकी पिंक आई मेकअप किया जाता है और बाकी हर मेकअप में पिंक शेड की प्राथमिकता रहती है। इस मेकअप में ब्लशर बफी पिंक और हाइलाइटर शिमरी पिंक होना चाहिए, तभी ग्लो दिखेगा।

